मानव संस्कार ग्रन्थमाला-सातवाँ पुष्प

वैदिक प्रार्थनाएँ एवं धार्मिक कर्म

मांगलिक सुअवसरों पर प्रयोग होने वाली वैदिक प्रार्थनाएँ

मन्त्र उच्चारण सहायता
एवं
मन्त्र भावार्थ सहित

संकलनकर्ता
मदन लाल अनेजा

प्रकाशक :
मानव संस्कार फाउन्डेशन
दिल्ली-110051,
Website - **www.manavsanskar.com**
e-mail - **manavsanskar.mla@gmail.com**
www.facebook.com/vaidicvichaar

प्रकाशक :

मदन लाल अनेजा

मानव संस्कार फाउन्डेशन

4 ए (तीसरी मंजिल) नया गोविन्द पुरा,

राम मन्दिर गली, दिल्ली-110051,

मो0- 09873029000,

Website -

www.manavsanskar.com

e-mail -

manavsanskar.mla@gmail.com

© सर्वाधिकार- मदन लाल अनेजा

पुस्तक मिलने का पता :-

1. विक्रान्त अनेजा

सी-79, तक्षशिला अपार्टमेन्ट,

प्लाट नं0-57, आई0पी0

एक्सटेंशन, दिल्ली-110092

2. मदन लाल अनेजा

कुटिया नं0 -179, मुख्य शाखा,

आर्य वानप्रस्थ आश्रम,

ज्वालापुर, हरिद्वार

3. विशाल अनेजा

3 ए (तीसरी मंजिल) नया गोविन्द पुरा,

राम मन्दिर गली, दिल्ली-110051,

मो0- 09873029000,

All rights reserved. No part of this publication be reproduced, stored in a retrievel system, translated or transmitted in any form or by any means,electronic, mechanical, photocopying, recordng or otherwiese without the prior permission of the writer.

प्रथम संस्करण : नवम्बर 2020

(वेद प्रचार-प्रसार हेतु नि:शुल्क वितरण)

All books of Manav Sanskar Foundation
can be down-loaded free of cost

at :

www.manavsanskar.com

विषय सूची

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	भूमिका	3–5
2.	प्रार्थना का अर्थ	6–7
3.	वैदिक प्रार्थना 1 व 2	8–9
4.	ईश्वर स्तुति–प्रार्थना–उपासना मन्त्राः	10–20
5.	ब्रह्म यज्ञ (वैदिक सन्ध्योपासना)	21–39
6.	हवन करने से पहले की तैयारी	40–41
7.	यज्ञ सम्बन्धित कुछ आवश्यक बातें	42–44
8.	यज्ञोपवीत मन्त्र	44
9.	देव यज्ञ : अग्निहोत्र – हवन	45–66
10.	मंगल कामना	66–67
11.	यज्ञ–प्रार्थना	68
12.	शान्ति पाठ	69
13.	बलवैश्वदेवयज्ञ	70
14.	विशेष यज्ञ–मन्त्राः	71–82
15.	अथ स्वस्तिवाचनम्	83–97
16.	अथ शान्तिकरणम्	98–109
17.	अमावस्या पर दी जाने वाली आहुतियाँ	110–112
18.	पौर्णमासी पर दी जाने वाली आहुतियाँ	113–116
19.	नामकरण संस्कार	117–120
20.	मुण्डन (चूड़ा कर्म) संस्कार	121–124
21.	जन्म दिवस पर दी जाने वाली आहुतियाँ	125–128
22.	भूमि पूजन के मन्त्र	129–131
23.	गृह प्रवेश की आहुतियाँ	132–137

24. व्यापार कार्य आरम्भ करने की आहुतियाँ 138–141
25. नवसंवत्सरारम्भ पर्व पर दी जाने वाली आहुतियाँ.... 142–143
26. श्रावणी पर्व पर दी जाने वाली आहुतियाँ 144–147
27. दीपावली पर्व पर दी जाने वाली आहुतियाँ.... 148–151
28. मकर संक्रान्ति पर्व की आहुतियाँ..... 152
29. वसन्त पंचमी पर्व की आहुतियाँ..... 153
30. होली पर्व की आहुतियाँ..... 154–156
31. संगठन–सूक्त (एकता संगठन के मन्त्र)..... 157–158
32. शान्ति पाठ 158
33. शान्ति गीत 159
34. प्रात:काल प्रार्थना एवं चिन्तन के मन्त्र..... 159–160
35. रात्रि शयनकालीन मन्त्रा: 161–162
36. भोजन से पूर्व बोलने वाला मंत्र 163
37. आत्मोन्नति के लिए संकल्प की आहुतियाँ.... 164
38. अच्छे स्वास्थ्य के लिए आहुतियाँ..... 165–166
39. वैवाहिक वर्षगांठ पर दी जाने वाली आहुतियाँ 167
40. देश–विदेश तथा दूरस्थ स्थान पर जाते समय
विदाई समारोह हेतु दी जाने वाली आहुतियाँ..... 167–168
41. मंगल गीत..... 168
42. गृहस्थधर्म पञ्चक..... 169
43. नामकरण संस्कार गीत 170
44. राष्ट्रीय प्रार्थना 171
45. त्वमेव माता च पिता त्वमेव..... 171
46. आर्य–ध्वज गीत..... 172
47. जयघोष..... 173
48. आर्यसमाज के नियम 174

भूमिका

मनुष्य के पास अपनी दो चीजें हैं–अपना शरीर और आत्मा। दैनिक जीवन को वेदानुसार जीने से शरीर स्वस्थ और आत्मा पवित्र बनती जाती है। जीवन को उत्तम बनाने के लिए हमें वैदिक नित्य कर्मों को अपनी दिनचर्या में स्थान देना चाहिए।

समाज में सभी धार्मिक एवं नित्य कर्मों में प्रयोग होने वाले वैदिक मन्त्रों की एक से एक उत्तम व्याख्या हिन्दी भाषा में आजकल उपलब्ध है। परन्तु साधारण योग्यता रखने वाले मनुष्य के लिए वैदिक मन्त्रों का सही उच्चारण करना कठिन है। मन्त्रों की व्याख्याओं को समझना और भी कठिन है, विशेषकर संस्कृत भाषा के ज्ञान के अभाव में। यह मेरा व्यक्तिगत अनुभव है।

उपरोक्त कठिनाई को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत पुस्तक को लिखने का प्रयास किया गया है ताकि अधिक से अधिक आर्यजन विभिन्न प्रकार के धार्मिक कर्मकाण्डों में प्रयोग होने वाले वैदिक मन्त्रों का उच्चारण सरलता से कर सकें। उनको कण्ठस्थ कर सके, उनके अर्थ, सरल भावार्थ और उद्देश्य को समझ कर अपने जीवन में आध्यात्मिक उन्नति कर सकें। ईश्वर का सान्निध्य प्राप्त कर सकें।

पुस्तक में वैदिक प्रार्थनाओं, सन्ध्या और यज्ञ (हवन) के अतिरिक्त अधिकतर सुअवसरों पर प्रयोग होने वाले वैदिक मन्त्रों को भी सम्मिलित किया गया है।

प्रत्येक वैदिक मन्त्र के बाद मन्त्र के शब्दों का सन्धि–विच्छेद–

सरल पाठ (मन्त्र उच्चारण में सहायता) भी दिया गया है ताकि वे आर्यजन जिनको संस्कृत का पर्याप्त ज्ञान नहीं है, मंत्र का उच्चारण करना सीख सकें। स्वयं भी कर्मकाण्ड कर सकें। सामान्य व्यक्ति में वेदों के प्रति जागरूकता लाने और आध्यात्मिक उन्नति के लिए, प्रत्येक मन्त्र का हिन्दी में सरल भावार्थ भी दिया गया है।

आज की युवा पीढ़ी संस्कृत भाषा के शास्त्रों का अध्ययन करने और वेदों की ईश्वर-कृत वाणी को समझने में कठिनाई का अनुभव करती है। इसलिए अधिकतर मन्त्रों के भावार्थ अंग्रेजी भाषा में भी देने का प्रयत्न किया गया है। आशा करता हूँ कि विदेशों में रहने वाले भारतीय भी इस पुस्तक से अत्यन्त लाभान्वित होंगे।

पाठकों से निवेदन है कि सरल पाठ (उच्चारण में सहायता) एवं भावार्थ को क्रमशः व्याकरण व वैदिक शाब्दिक अर्थ की दृष्टि से न देखें क्योंकि पुस्तक में सामान्य व्यक्ति द्वारा वैदिक मन्त्रों व उनके भावार्थ को सुगमता से कंठस्थ करने व समझने की भावना को ही प्रमुख महत्त्व दिया गया है।

वेद और आर्ष ग्रन्थों में सामान्य व्यक्ति की रुचि उत्पन्न हो, उपासना व वैदिक प्रार्थनाओं में उसकी आस्था बढ़े, संस्कृत भाषा का कम ज्ञान होने पर भी व्यक्ति सामाजिक कर्मकाण्ड करने की योग्यता स्वयं प्राप्त कर सके, समाज में आध्यात्मिक अज्ञानता कम हो सके, इन्हीं उद्देश्यों के साथ इस पुस्तक को समाज के सामने प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया गया है।

वैदिक प्रार्थनाओं व उनमें प्रयोग हुए मन्त्रों के हिन्दी/अंग्रेजी में सरल भावार्थों के संकलन करने में लेखक ने अनेक पुस्तकों की सहायता ली है जिनमें मुख्य हैं-(1) दैनिक यज्ञ पद्धति-सम्पादक-मूलचन्द गुप्त, (2) 'पञ्चयज्ञ प्रकाश'-सम्पादक- पं आरीक्षत शास्त्री, (3) 'वैदिक सन्ध्या-हवन-यज्ञ' आर्यसमाज द्वारका, नई दिल्ली एवं (4) 'आखिर क्यों' - लेखक-डॉ. आनन्द अभिलाषी-पूर्व प्रधान, आर्यवानप्रस्थ आश्रम, ज्वालापुर, हरिद्वार।

मैं इन सभी वैदिक विद्वानों और सम्पादकों को नमन करता हूँ। अपना आभार प्रकट करता हूँ जिनकी पुस्तकों से सामग्री लेकर मैंने यह संकलन तैयार किया है और इस पुस्तक को, भारतीय ऋषियों की परम्परा के अनुसार, जनकल्याण हेतु नि:शुल्क प्रकाशित करने का निश्चय किया है।

मैं आशा करता हूँ कि यह पुस्तक समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए-भारत एवं विदेश में-उपयोगी सिद्ध होगी।

- मदन लाल अनेजा

प्रार्थना का अर्थ

'प्रार्थना' शब्द का अर्थ 'मांगना' या 'याचना' नहीं है परन्तु 'चाहना' है। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने प्रार्थना को 'हृदय के भाव के सम्मुख रखना' कहा है। महात्मा नारायण स्वामी (संस्थापक आर्य विरक्त (वानप्रस्थ+संन्यास) आश्रम ज्वालापुर, हरिद्वार) ने प्रार्थना को 'इच्छाशक्ति का विकास' कहा है जिससे जीवन की दिशा को नया मोड़ मिलता है, जिसमें उसकी सफलता निहित है। इच्छाशक्ति से पूर्ण पुरुषार्थ की कामना उत्पन्न होती है और उत्तम कर्मों की सिद्धि होती है। महर्षि दयानन्द के अनुसार प्रार्थना से अभिमान का नाश होता है जो मनुष्य का भयंकरतम शत्रु है। प्रार्थना अन्तःकरण को शुद्ध एवं सशक्त बनाती है और यह पापमय जीवन से उबारने के लिए दिव्य नौका का काम करती है। स्वामी विवेकानन्द जी कहते हैं कि आत्मशुद्धि के लिए 'प्रार्थना' से बढ़कर कोई अन्य शस्त्र संसार में नहीं है।

प्रार्थना केवल सर्वशक्तिमान, सर्वान्तर्यामी, सर्वव्यापक परमेश्वर से ही करनी उचित है। प्रार्थना द्वारा की गई पुकार को परमात्मा अवश्य सुनता है। सन्धिवेला (प्रातः एवं सायं) प्रार्थना के लिए एक विशेष महत्त्व रखता है। निश्चित समय पर प्रार्थना करने से सम्पूर्ण जीवन प्रार्थनामय हो जाता है जिससे कि शक्ति और शान्ति की प्राप्ति होती है। प्रार्थना के लिए एकान्त स्थान का होना भी आवश्यक है जिससे मन की एकाग्रता उत्पन्न होती है। अन्तःकरण से मूक प्रार्थना में तल्लीन होकर मनुष्य स्वयं को भूलकर विश्वात्मा

से आत्मिक वार्तालाप करता है।

पापमय जीवन का त्याग कर निष्काम भावना से ही प्रार्थना स्वीकार होती है। प्रार्थना से पूर्व प्राणायाम, आचमन तथा मार्जन मन की शीघ्र शान्ति में सहायक होते हैं। इससे आहार, विचार तथा आचार में शुद्धता आती है तथा साधक इससे ऊँचा उठता है। प्रार्थना में परमात्मा से अपनी हितकर मेधा बुद्धि की कामना करनी उचित है। प्रार्थना की स्वीकृति में विलम्ब से हमें व्याकुल नहीं होना चाहिए। सच्चे मन से की गई प्रार्थना कभी बेकार नहीं जाती। समुद्र में गोता बार-बार लगाने से मोती अवश्य हाथ लगते हैं।

न्यायकारी परमात्मा की कर्मफल व्यवस्था में सच्ची आस्था रखने वाला पापों के फल भोग से बचने की प्रार्थना कभी नहीं करता। वह तो आगामी पापों से छुटकारा पाने की प्रार्थना करता है और वह अवश्यमेव स्वीकृति होती है। प्रार्थना का तात्पर्य उद्योग तथा पुरुषार्थ की उत्पत्ति एवं उपाय करना है। पुरुषार्थ सदा प्रारब्ध से प्रबल होते हैं। प्रार्थना वह कुंजी है जिसके द्वारा सुख विशेष के द्वार खुल जाते हैं। परमात्मा पुरुषार्थी की सहायता अवश्य करते हैं।

वैदिक प्रार्थना-1

हे सकल जगत के उत्पत्तिकर्ता परमात्मन्, इस अमृत वेला में आपकी कृपा और प्रेरणा से आपको श्रद्धा से नमस्कार करते हुए उपासना करते हैं कि हे दीन बन्धु आपकी पवित्र ज्योति जगमगा रही है। सूर्य, चन्द्र, सितारे आपके प्रकाश से इस भूमंडल को प्रकाशित कर रहे हैं, भगवान् आप हमारी सदा रक्षा करते हैं। आप एक रस हैं, आप दया के भण्डार हैं, दयालु भी हैं और न्यायकारी भी हैं। आप सब प्राणिमात्र को उनके कर्मों के अनुसार गति प्रदान करते हैं, हम आपको, संसार के कार्य में फंसकर भूल जाते हैं परन्तु आप हमारा कभी त्याग नहीं करते, हम यही प्रार्थना करते हैं कि मन, कर्म, वाणी से किसी को दु:ख न दें, हमारे सम्पूर्ण दुर्गुण व व्यवसनों और दु:खों को दूर करें और कल्याण कारक गुण, कर्म और शुभ विचार प्राप्त करायें।

प्रभु हमारी वाणी में मिठास हो, हमारे आचार तथा विचार शुद्ध हों, हमारा सारा परिवार आपका बनकर रहे, उनको मेधा बुद्धि प्रदान करें और दीर्घ आयु तक हम शुभ मार्ग पर चलते रहें और सुखी जीवन व्यतीत करें। हमारे कर्म भी उज्जवल और स्वच्छ हों, सर्वपालक सर्वपोषक सारे जगत् के रचने वाले पिता दुष्ट कर्मों से बचाकर हमको उत्तम बुद्धि और पराक्रम प्रदान कीजिये। हमको केवल मात्र आपका सहारा है। हमारी कर्म तथा ज्ञान इन्द्रियों को शुभ मार्ग पर चलने की प्रेरणा देवें और इनको बल देवें ताकि सब शुभ सुनें, शुभ देखें, शुभ मार्ग पर चलें, शुभ सोचें और निष्काम भाव से प्राणी मात्र की सेवा करते हुए अन्त में आपकी ज्योति को प्राप्त हों।

ओ३म् शान्ति:! शान्ति:! शान्ति!

वैदिक प्रार्थना-2

हे सर्वाधार, सर्वान्तर्यामिन् परमेश्वर! आप अनन्तकाल से अपने उपकारो की वर्षा किये जाते हो। प्राणिमात्र की सम्पूर्ण कामनाओं को आप ही प्रतिक्षण पूर्ण करते हो। हमारे लिए जो कुछ शुभ और हितकर है उसे आप बिना माँगे स्वयं हमारी झोली में डालते जाते हो, आपके आँचल में अविचल शान्ति तथा आनन्द का वास है। आपकी चरण-शरण की शीतल छाया में परम तृप्ति है, शाश्वत सुख की उपलब्धि है तथा सब अभिलषित पदार्थों की प्राप्ति है।

हे जगत्पिता परमेश्वर! हममें सच्ची श्रद्धा तथा विश्वास हो। हम आपकी अमृतमयी गोद में बैठने के अधिकारी बनें। अन्तःकरण को मलिन बनाने वाली स्वार्थ तथा संकीर्णता की सब क्षुद्र भावनाओं से हम ऊँचे उठें। काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, द्वेष इत्यादि कुटिल भावनाओं तथा सब मलिन वासनाओं को हम दूर करें। अपने हृदय की आसुरीय प्रवृत्तियों के साथ युद्ध में विजय पाने के लिए हे प्रभो! हम आपको ही पुकारते हैं और आपका ही आँचल पकड़ते हैं।

हे परम पावन प्रभो! हममें सात्त्विक प्रवृत्तियाँ जाग्रत हों। क्षमा, सरलता, स्थिरता, निर्भयता, अहंकार-शून्यता इत्यादि शुभ भावनाएँ हमारी सम्पत्ति हों। हमारा शरीर स्वस्थ तथा परिपुष्ट हो, मन सूक्ष्म तथा उन्नत हो, आत्मा पवित्र तथा सुन्दर हो। आपके संस्पर्श से हमारी सारी शक्तियाँ विकसित हों। हृदय दया तथा सहानुभूति से भरा हो। हमारी वाणी में मिठास हो तथा दृष्टि में प्यार हो। विद्या और ज्ञान से हम परिपूर्ण हों। हमारा व्यक्तित्व महान् तथा विशाल हो।

हे प्रभो! अपने आशीर्वादों की वर्षा करो। दीनातिदीनों के मध्य में विचरने वाले आपके चरणारविन्दों में हमारा जीवन अर्पित हो। इसे अपनी सेवा में लेकर हमें कृतार्थ करें।

ओ३म् शान्तिः! शान्तिः !! शान्तिः !!

ईश्वर-स्तुति-प्रार्थनोपासनामन्त्राः

(Prayer and Adoration of God)

ईश्वर-स्तुति-प्रार्थना उपासना के मन्त्रों का उच्चारण अर्थ सहित करने से सभी प्रकार के अभिमान और अहंकार को दूर करने में सफलता मिलती है। इसलिए इन मन्त्रों का पाठ अर्थ सहित अथवा सरल भावार्थ सहित प्रतिदिन श्रद्धा और भक्ति से करें।

ईश्वर-स्तुति-प्रार्थना-उपासना के आठ मन्त्रों का पाठ प्रत्येक संस्कार, विशेष अनुष्ठान, मांगलिक अवसर आदि के प्रारम्भ में भी किया जाता है। अग्निहोत्र (यज्ञ) के प्रारम्भ में भी इन मन्त्रों का पाठ किया जाता है। यद्यपि ये मन्त्र अग्निहोत्र का अंग नहीं हैं। इसलिए अग्निहोत्र से पहले आचमन मन्त्र 'शन्नो देवी.' का उच्चारण करके सन्ध्योपासना में बताई गई विधि से 3 बार आचमन करने के पश्चात् इन मन्त्रों का पाठ किया जाता है।

ओ३म् विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परा सुव।
यद् भद्रं तन्न आ सुव।।1।। (यजुर्वेद 30/3)

सरल पाठ

ओ३म् विश्वानि देव सवि तरदुरि तानि परासुव।
यद भद्रं तन्न आसुव।।

हे (सवितः) सकल जगत् के उत्पत्तिकर्ता समग्र ऐश्वर्ययुक्त देव शुद्धस्वरूप सब सुखों के दाता परमेश्वर! आप कृपा करके (नः) हमारे (विश्वानि) सम्पूर्ण (दुरितानि) दुर्गुण, दुर्व्यसन और दुःखों को (परासुव) दूर कर दीजिए (यत्) जो (भद्रम्) कल्याणकारक गुण, कर्म, स्वभाव और पदार्थ हैं (तत्) सब हमको (आसुव) प्राप्त कीजिये।

तू सर्वेश सकल सुखदाता, शुद्ध स्वरूप विधाता है।
उसके कष्ट नष्ट हो जाते, शरण तेरी जो आता है।
सारे दुगुर्ण दुर्व्यसनों से, हमको नाथ बचा लीजे।
मङ्गलमय गुण-कर्म-पदारथ, प्रेम-सिन्धु हमको दीजे।

सरल भावार्थ

ओ३म्। हे सकल जगत् के उत्पत्तिकर्ता, समग्र ऐश्वर्यों व सुखों के दाता, सर्वशक्तिमान सविता देव। आप कृपा करके हमारे सम्पूर्ण दुर्गुण, दुर्व्यसन एवं दुखों को दूर कर दीजिए, और जो कुछ अच्छा और कल्याणकारक है वह हमें प्राप्त कराइए।

Aum. O God Almighty, The Creator of the Universe and Dispenser of all happiness! We pray Thee to dispel (wipe off) all our bad habits, bad deeds and calamities and bestow upon us what is blessed, good, auspicious and beneficial.

ओ३म्! हिरण्यगर्भः समवर्त्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम।।2।।

– यजु0 13/4

सरल पाठ

ओ३म् हिरण्य गर्भः सम वर्त ताग्रे
भूतस्य जातः पति रेक आसीत्।
स दा धार पृथिवी द्या मु तेमां कस्मै
देवाय हविषा विधेम।।2।।

जो (हिरण्य गर्भः) स्वप्रकाशस्वरूप और जिसने प्रकाश करने हारे सूर्य-चन्द्राद्रि पदार्थ उत्पन्न करके धारण किये हैं, जो (भूतस्य) उत्पन्न हुए सम्पूर्ण जगत् का (जातः) प्रसिद्ध (पतिः) स्वामी (एकः)

एक ही चेतन स्वरूप (आसीत्) था, जो अग्रे सब जगत् के उत्पन्न होने से पूर्व (समवर्तत) वर्तमान था, (सः) वह (इमामं) इस (पृथिवीम्) भूमि (उत) और(द्याम्) सूर्यादि को (दाधार) धारण कर रहा है, हम लोग उस (कस्मै) सुखस्वरूप (देवाय) शुद्ध परमात्मा के लिए (हविषा) ग्रहण करने योग्य योगाभ्यास और अति प्रेम से (विद्येम) विशेष भक्ति किया करें।

तू ही स्वयं प्रकाश सुचेतन, सुखस्वरूप दुःखत्राता है।
सूर्य-चन्द्रलोकादिक को, तू रचता और टिकाता है।।
पहले था, अब भी है तू ही, घट-घट में व्यापक स्वामी।
योग, भक्ति, तप द्वारा तुझको, पावें हम अन्तर्यामी।।

सरल भावार्थ

ओ३म्। हे सर्वव्यापक उत्पत्ति कर्ता प्रकाशक प्रभो! आप ही ने प्रकाश करने वाले सूर्य चन्द्रादि को रचा एवं धारण किया है। इस धरती एवं आकाश को आप ही धारण कर रहे हो। आप जगत् के उत्पन्न होने से पूर्व भी विद्यमान थे। हमें उसी सुखस्वरूप भगवान की उपासना करनी चाहिए।

Aum. Oh the all pervading God, the Creator and supporter of the earth and heaven, all luminous bodies like the Sun, the Moon thou art the master of whole Universe. Thou existed before creation. We should with fervent devotion, adore you.

ओ३म् य आत्मदा बलदा यस्य विश्व उपासते प्रशिषं यस्य देवाः।
यस्य छायाऽमृतं यस्य मृत्युः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।3।।

यजु0 25/13

सरल पाठ

य आत्मदा बलदा यस्य विश्व उपासते प्रशिषं यस्य देवाः।
यस्य छायाऽमृतं यस्य मृत्युः, कस्मै देवाय हविषा विधेम।।

(यः) जो (आत्मदाः) आत्मज्ञान का दाता, (बलदाः) शरीर, आत्मा और समाज के बल का देनेहारा, (यस्य) जिसकी (विश्वे) सब (देवाः) विद्वान् लोग (उपासते) उपासना करते हैं, और (यस्य) जिसका (प्रशिषम्) प्रत्यक्ष सत्स्वरूप शासन और न्याय अर्थात् शिक्षा को मानते हैं, (यस्य) जिसका (छाया) आश्रय ही (अमृतम्) मोक्ष-सुखदायक है (यस्य) जिसका न मानना अर्थात् भक्ति न करना ही (मृत्युः) मृत्यु आदि दुख का हेतु है, हम लोग उस (कस्मै) सुखस्वरूप (देवाय) सकल ज्ञान के देनेहारे परमात्मा की प्राप्ति के लिए (हविषा) आत्मा और अन्तःकरण से (विधेम) भक्ति अर्थात् उसी की आज्ञा पालन करने में तत्पर रहें।

तू ही आत्मज्ञान बल दाता, सुयश विज्ञजन गाते हैं।
तेरी चरण शरण में आकर, भवसागर तर जाते हैं।।
तुझको ही जपना जीवन है, मरण तुझे विसराने में
मेरी सारी शक्ति लगे प्रभु, तुझसे लगन लगाने में।

सरल भावार्थ

ओ३म् जो आध्यात्मिक एवं शारीरिक बल देने वाला है, सम्पूर्ण विश्व जिस प्रभु की उपासना करता है, जिसकी शरण से सुख और मोक्ष मिलता है। उसके आश्रय के बिना अज्ञान, दुःख एवं मृत्यु है। हम लोग उस सुख स्वरूप परमात्मा की प्राप्ति के लिए शुद्ध अन्तः करण से भक्ति विशेष करें।

Aum. God is the Imparter of spiritual knowledge and

physical strength. The whole world adores Him whose protection provides emancipation and whose indiffrence causes all kinds of miseries and death. We should meditate with faith and devotion upon that God.

ओ३म् यः प्राणतो निमिषतो महित्वैकऽइद्राजा जगतो बभूव।
य ईशेऽअस्य द्विपदश्चतुष्पदः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।4।।

यजु0 23/3

सरल पाठ

ओ३म् यः प्राणतो नि मिषतो महि त्वै क इद्राजा जगतो बभूव।
य ईशे अस्य द्वि पदश चतुष् पदः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।

(यः) जो (प्राणतः) प्राणवाले और (निमिषतः) अप्राणिरूप (जगतः) जगत् का (महित्वा) अपनी अनन्त महिमा से (एकः इत्) एक ही (राजा) विराजमान राजा (बभूव) है, (यः) जो (अस्य) इस (द्विपदः) मनुष्यादि और (चतुष्पदः) गौ आदि प्राणियों के शरीर की (ईशे) रचना करता है, हम लोग उस (कस्मै) सुखस्वरूप (देवाय) सकलैश्वर्य के देनेहारे परमात्मा के लिए (हविषा) अपनी सकल उत्तम सामग्री को उसी की आज्ञा-पालन में समर्पित करके (विधेम) विशेष भक्ति करें।

तूने अपनी अनुपम माया, से जग-ज्योति जगाई है।
मनुज और पशुओं को रचकर, निज महिमा प्रगटाई है।
अपने हिय-सिंहासन पर, श्रद्धा से तुझे बिठाते हैं।
भक्ति भाव से भेंटें लेकर, शरण तुम्हारी आते हैं।

सरल भावार्थ

ओम् ही इस सारे संसार का एक मात्र राजा है। वह ही चर

और अचर जगत् का निर्माता है। वह हमारे एक-एक श्वास तथा पलक झपकने तक का मूल कारक है। ओ३म् ही सब जीवों का-चाहे दो पाए अथवा चौपाए हों-स्वामी है। हम उस सुखस्वरूप परमात्मा की उपासना करते हैं।

Aum. Oh God! you are the sole Ruler of all creation, animate and inanimate, of the very breathing and winking of every living being, bestowing corporal existence on all creatures-biped (like men) and quadrupeds (like the cow). We meditate with faith and devotion upon that God-the personification of all bliss.

ओ३म् येन द्यौरुग्रा पृथिवी च दृढ़ा येन स्वः स्तभितं येन नाकः।
यो अन्तरिक्षे रजसो विमानः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।5।।

सरल पाठ

येन द्यौ रुग्रा पृथिवी च दृढ़ा, येन स्वः स्तभितं येन नाकः।
यो अन्तरिक्षे रजसो विमानः, कस्मै देवाय हविषा विधेम।।

(येन) जिस परमात्मा ने (उग्रा) तीक्ष्ण स्वभाव वाले (द्यौः) सूर्य आदि (च) और (पृथिवी) भूमि को (दृढ़ा) धारण किया, (येन) जिस जगदीश्वर ने (स्वः) सुख को (स्तभितम्) धारण किया और (येन) जिस ईश्वर ने (नाकः) दुःख रहित मोक्ष को धारण किया है, (यः) जो (अन्तरिक्षे) आकाश में (रजसः) सब लोक-लोकान्तरों को (विमानः) विशेष मानयुक्त अर्थात् जैसे आकाश में पक्षी उड़ते हैं, वैसे सब लोकों का निर्माण करता और भ्रमण कराता है, हम लोग उस (कस्मै) सुखदायक (देवाय) कामना करने के योग्य परब्रह्म की प्राप्ति के लिए (हविषा) सब सामर्थ्य से (विधेम) विशेष भक्ति करें।

तारे, रवि चन्द्रादि बनाकर, निज प्रकाश चमकाया है।
धरणी को धारण कर तूने, कौशल अलख जगाया है।
तू ही विश्व-विधाता पोषक, तेरा ही हम ध्यान धरें।
शुद्ध भाव से भगवान्! तेरे, भजनामृत का पान करें।

सरल भावार्थ

ओ३म् ने उग्र स्वभाव वाले सूर्य और पृथ्वी को धारण किया हुआ है। उस सुखस्वरूप परमात्मा ने दुःख रहित मोक्ष को धारण किया है। वह आकाश में लोक लोकान्तरों को निर्मित कर भ्रमण कराता है हम लोग उस सुखस्वरूप परब्रह्म की प्राप्ति के लिए सब सामर्थ्य से विशेष भक्ति करें।

Aum. Oh God, the Sustainer, we adore you with all the strength of our body, mind and soul that Blissful Supreme being, the lord of all our desires, by whom the Sun, the Earth and other planets are regulated and fixed in their respective orbits. You are the fountain-head of all genuine happiness and deliverance and primary cause of millions of planetary systems.

ओ३म् प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वा जातानि परि ता बभूव।
यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नोऽअस्तु वयं स्याम पतयो रयीणाम्।।6।।

ऋग्0 10/121/10

सरल पाठ

प्रजापते न त्व देता न्यन्यो विश्वा जातानि परिता बभूव।
यत् कामास्ते जुहु मस्तन्नो अस्तु वयं स्याम पतयो रयीणाम्।।

हे (प्रजापते) सब प्रजा के स्वामी परमात्मन्। (त्वत्) आपसे (अन्यः) भिन्न दूसरा कोई (ता) उन (एतानि) इन (विश्वा) सब

(जातानि) उत्पन्न हुए जड़-चेतनादिकों को (न) नहीं (परिबभुव) तिरस्कार करता है, अर्थात् आप सर्वोपरि हैं। (यत्कामाः) जिस-जिस पदार्थ की कामना वाले होके हम लोग भक्ति करें (ते) आपका (जुहुमः) आश्रय लेवें और वाञ्छा करें, (तत्) उस-उसकी कामना (नः) हमारी सिद्ध (अस्तु) होवे, जिससे (वयम्) हम लोग (रयिणाम्) धनैश्वर्यों के (पतयः) स्वामी (स्याम) होवें।

तुझसे बड़ा न कोई जग में, सबमें तू ही समाया है।
जड़ चेतन सब तेरी रचना, तुझमें आश्रय पाया है।
हे सर्वोपरि विभो! विश्व का, तूने साज सजाया है।
धन दौलत भरपूर दीजिए, यही भक्त को भाया है।

सरल भावार्थ

ओ३म् ही इस संसार को बनाने वाला है। वह ही सबसे महान् है। उस जैसा न तो इस संसार में कोई हुआ है, न है और न ही कभी होगा।

जिस जिस पदार्थ की कामना करने वाले हम आपका आश्रय लें और प्रार्थना करें वे सब हमारी कामनाएं पूर्ण हों जिससे हम धन ऐश्वर्यों के स्वामी बनें।

Aum. O God, the Creator of the Universe, you are the Supreme. No one has ever been equal to you, No one is and no one will be. May the things we desire and for which pray to Thee be ours. May we be lords and protectors of bounteous wealth and other things of the world.

ओ३म् स नो बन्धुर्जनिता स विधाता धामानि वेद भुवनानि विश्वा।
यत्र देवाऽअमृतमानशानास्तृतीये धामन्नध्यैरयन्त।।7।।

– यजु0 32/10

सरल पाठ

स नो बन्धुर जनिता स विधाता धा मानि वेद भुव नानि विश्वा।
यत्र देवा अमृत मान शाना स्तृतीय धामन्न ध्यैरयन्त।।

हे मनुष्यो! (सः) वह परमात्मा (नः) अपने लोगों को (बन्धुः) भ्राता के समान सुखदायक, (जनिता) सकल जगत् का उत्पादक, (सः) वह विधाता सब कर्मों को पूर्ण करने हारा, (विश्वा) सम्पूर्ण (भुवनानि) लोकमात्र के (धामानि) नाम, स्थान और जन्मों को (वेद) जानता है और (यत्र) जिस (तृतीये) सांसारिक सुख-दुःख से रहित नित्यानन्द-युक्त (धामन्) मोक्ष-स्वरूप धारण करने हारे परमात्मा में (अमृतम) मोक्ष को (आनशानाः) प्राप्त होके (देवाः) विद्वान लोग (अध्यैरयन्त) स्वेच्छापूर्वक विचरते हैं, वही परमात्मा अपना गुरु, आचार्य, राजा और न्यायाधीश है। अपने लोग मिल के सदा उसकी भक्ति किया करें।

तू गुरु है, प्रजेश भी तू है, पाप पुण्य फल दाता है।
तू ही सखा बन्धु मम तू ही, तुझसे ही सब नाता है।
भक्तों को इस भव बन्धन से, तू ही मुक्त कराता है।
तू है अज अद्वैत महाप्रभु, सर्वकाल का ज्ञाता है।

सरल भावार्थ

ओ३म् ही हमारा सच्चा और वास्तविक मित्र है। वह ही सकल जगत् का उत्पादक, सम्पूर्ण लोक मात्र के नाम, स्थान, जन्मों को जानने वाला है। सब विद्वान् लोग समस्त सांसारिक इच्छाओं का त्याग कर ज्ञान एवं मोक्ष की प्राप्ति हेतु उसकी उपासना करते हैं।

Aum. God is our real and sincere friend and Kinsman. He is the Producer and Disposer of the entire Universe.

He knows all the known and unknown worlds and prevades these worlds. All the learned men meditate upon God for the attainment of knowledge and salvation.

ओ३म् अग्ने नय सुपथा रायेऽअस्मान् विश्वानि देव वयुनानि विद्वान।
युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठान्ते नमऽउक्तिं विधेम।।8।।

यजु0 40/16

सरल पाठ

ओ३म् अग्ने नय सुपथा राये अस्मान् विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्।
युयो ध्यस्म् ज्जुहु राण मेनो भूयिष् ठान्ते नम उक्तिं विधेम।।

हे (अग्ने) स्वप्रकाशक, ज्ञानस्वरूप, सब जगत के प्रकाश करनेहारे (देव) सकल सुखदाता परमेश्वर! आप जिससे (विद्वान्) सम्पूर्ण विद्यायुक्त हैं, कृपा करके (अस्मान्) हम लोगों को (राये) विज्ञान वा राज्यादि ऐश्वर्य की (प्राप्ति) के लिए (सुपथा) अच्छे धर्मयुक्त आप्त लोगों के मार्ग से (विश्वानि) सम्पूर्ण (वयुनानि) प्रज्ञान और उत्तम कर्म (नय) प्राप्त कराइये और (अस्मत्) हमसे (जुहुराणम्) कुटिलतायुक्त (एनः) पापरूप कर्म को (युयोधि) दूर कीजिए। इस कारण हम लोग (ते) आपकी (भूयिष्ठाम्) बहुत प्रकार की स्तुतिरूप (नमः उक्तिम्) नम्रतापूर्वक प्रशंसा (विधेम) सदा किया करें और सर्वदा आनन्द में रहें।

तू है स्वयं प्रकाश रूप प्रभु, सबका सिरजन हार तू ही।
रसना निशि-दिन रटें तुम्हीं को, मन में बसता सदा तू ही।
कुटिल पाप से हमें बचाते, रहना हरदम दयानिधान।
अपने भक्तजनों को भगवन्! दीजे यही विशद वरदान।

सरल भावार्थ

ओ३म्। हे अग्निदेव (ईश्वर)। आप स्वप्रकाश स्वरुप एवं ज्ञानमय हैं। आप हमें ज्ञान मय, धर्ममय सच्चे रास्ते पर ले चलिए ताकि हमसे कुटिलता युक्त पाप रूप कर्म दूर हों।

इस कारण हम आपकी बहुत प्रकार की स्तुति और प्रशंसा सदा करते रहें और सर्वदा आनन्द में रहें।

Aum. O God! You are the self-illuminating, You are Agnidev, the personification of knowledge. Kindly lead us on the path followed by the wise. We pray to Thee to keep us off from crooked and vicious ways so that we may meditate upon you and enjoy prominent bliss.

।।इतिश्वरस्तुतिप्रार्थनोपासनाप्रकरणम्।।

जो मनुष्य ईश्वर की स्तुति,
प्रार्थना और
उपासना नहीं करता,
वह कृतघ्न और महामूर्ख होता है।

– ऋषि दयानन्द

ब्रह्म यज्ञः (वैदिक सन्ध्योपासना)

(The Twilight Prayer)

भली-भाँति ध्यान किया जाए परमेश्वर का जिसमें, वह सन्ध्या है।

सन्ध्या ध्यान योग की सर्वांगपूर्ण सुव्यवस्थित और वैज्ञानिक प्रक्रिया है। सन्ध्या में आत्मा का जागरण होता है। पाप का विमोचन होता है। ईश्वर से मिलन होता है। सन्ध्या में सफलता के लिए जीवन में यम-नियम का पालन करना अनिवार्य है। प्रत्येक आर्य को प्रतिदिन प्रातः सायं दोनों सन्धि वेलाओं में सन्ध्योपासना करनी चाहिए।

सन्ध्या आरम्भ करने से पूर्व अपने शरीर की यथोचित शुद्धि करें। एकान्त, पवित्र और शान्त स्थान पर आसन बिछाएं। आसन पर सुविधापूर्वक बैठकर सन्ध्या प्रारम्भ करें।

।। अथ गायत्री मन्त्रः।।

ओ३म् भूर्भुवः स्वः। तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्।।

(यजु0 36/3, ऋ0 3/62/10)

सरल पाठ

ओ३म् भूर् भुवः स्वः। तत् सवितुर् वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचो दयात्।

तूने हमें उत्पन्न किया, पालन कर रहा है तू।
तुझसे ही पाते प्राण हम, दुखियों के कष्ट हरता है तू।
तेरा महान् तेज है, छाया हुआ सभी स्थान।
सृष्टि की वस्तु-वस्तु में, तू हो रहा है विद्यमान।

तेरा ही धरते ध्यान हम, मांगते तेरी दया।
ईश्वर हमारी बुद्धि को, श्रेष्ठमार्ग पर चला।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे प्राण-स्वरूप, दु:ख-विनाशक और आनन्दस्वरूप भगवन्! हम सब उस जगत् उत्पादक, वरण करने योग्य दिव्य गुणों से युक्त परमेश्वर का ध्यान करें अथवा अपनी आत्मा में धारण करें, जिससे कि वह परमेश्वर हमारी बुद्धियों को उत्तम कामों में प्रेरित करे।

Aum is cause of our very existence, the shedder of miseries and the showerer (imparter) of happiness (Bliss). He is the most acceptable and the most worth-knowing. We should remember him. May he always inspire our intellectual faculties and lead them on to do only what is good.

आचमनमन्त्रः
(Sipping of Water)

जलपात्र से दाहिने हाथ की हथेली में थोड़ा जल लेकर निम्नलिखित मन्त्र को एक ही बार बोलकर तीन आचमन करें। आचमन करते हुए होठों से जल को सुड़कने की ध्वनि न करें। आचमन करने के बाद हाथ को जल से धो लें। इससे कण्ठ से कफ की थोड़ी-सी निवृत्ति होती है। यदि जल न हो तो आचमन न करें। मन्त्रोच्चारण अवश्य करें और इसके बाद मन्त्र के अर्थ पर विचार करें -

ओ३म् शन्नो देवीरभिष्टयआपो भवन्तु पीतये।
शंयोरभि स्रवन्तु नः।। यजु0 36/13

सरल पाठ

शं नो देवी र भिष्टय, आपो भवन्तु पीतये।

शंयो रभि स्र वन्तु नः।।17।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! सर्व-प्रकाशक, सुख-शान्तिदायक सर्वव्यापक देव! आप हम पर सब प्रकार की सुख शान्ति की वर्षा करें तथा हम मनोवांछित पूर्ण सुख शान्ति को प्राप्त करें।

Aum. May the gracious, omnipresent omnipotent and glorius God bestow blessings upon us and may God lead us to our desired goal of attaining perfect peace.

May the omnipotent God, the Illuminator of and the Bestower of bliss upon all, be so gracious as to shower the prosperity and happiness desired by us in our earthly life and also the perfect bliss of final emancipation.

इन्द्रियस्पर्शमन्त्राः
(Touching of Organs)

बाँए हाथ की हथेली में थोड़ा जल लेकर सीधे हाथ की मध्यमा और अनामिका (दूसरी और तीसरी) अंगुलियों के अग्र भाग से जल स्पर्श करके पहले दाहिने और फिर बाँए अंगों का निम्नलिखित मन्त्रों के बोलने के बाद स्पर्श करें-

ओ३म् वाक् वाक्।	इससे मुँह का दाँया भाग फिर बाँया भाग
ओ३म् प्राणः प्राणः।	इससे नाक का दाँया और फिर बाँया भाग
ओ३म् चक्षुः चक्षुः।	इससे पहले दायीं आँख और फिर बायीं आँख
ओ३म् श्रोत्रम् श्रोत्रम्।	इससे दाँया कान और फिर बाँया कान
ओ३म् नाभिः।	इससे नाभि को स्पर्श करें।

ओ३म् हृदयम्।	इससे हृदय को स्पर्श करें।
ओ३म् कण्ठः।	इससे कण्ठ (गला) का स्पर्श करें।
ओ३म् शिरः।	इससे मस्तक (सिर) को स्पर्श करें।
ओ३म् बाहुभ्यां यशोबलम्।	इससे पहले दायीं भुजा फिर बायीं भुजा को स्पर्श करें।
ओ३म् करतलकरपृष्ठे।	इससे दोनों हथेली और उनके पृष्ठभाग को स्पर्श करें।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे ईश्वर! हमारी समस्त इन्द्रियाँ-वाणी, नासिका, नेत्र, कान, नाभि, हृदय, कंठ, सिर, बाहें, हाथ और हथेली सब बलवान् हों और ये सब कीर्ति एवं ऐश्वर्य का कारण बनें।

Aum. Oh Almighty God, we pray for vitality and glory to our sense organs. i.e. tongue, respiratory system eyes, ears, nasal, heart, throat, head, arms and palms.

मार्जनमन्त्राः
(Purification of Organs)

पुनः इसी प्रकार बायीं हथेली में जल लेकर दाहिने हाथ की उन्हीं दोनों अंगुलियों से शरीर के अंगों पर निम्नलिखित प्रत्येक मन्त्र बोलने के बाद मार्जन करें, अर्थात् जल छिड़कें/स्पर्श करें।

ओ३म् भूः पुनातु शिरसि।	इस मन्त्र से सिर पर,
ओ३म् भुवः पुनातु नेत्रयोः।	इससे दोनों नेत्रों पर,
ओ३म् स्वः पुनातु कण्ठे।	इससे कण्ठ पर,
ओ३म् महः पुनातु हृदये।	इससे हृदय पर,

ओ३म् जनः पुनातु नाभ्याम्। इससे नाभि पर,
ओ३म् तपः पुनातु पादयोः। इससे दोनों पैरों पर,
ओ३म् सत्यं पुनातु पुनः शिरसि। इससे पुनः सिर पर और,
ओ३म् खं ब्रह्म पुनातु सर्वत्र। इस मन्त्र से सम्पूर्ण शरीर
पर जल के छीटें देवें।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे ईश्वर! आप प्राणदाता हैं आप हमारे सिरों में (बुद्धियों में) पवित्रता दीजिए। हे सुखदाता आनन्दस्वरूप प्रभो! आप हमारी आँखों में पवित्रता एवं महानता प्रदान करें। हे जगत् उत्पादक प्रभो! हमारी नाभियों में और पैरों में पवित्रता एवं सन्मार्ग पर चलने की शक्ति प्रदान करें। हे सत्यमय एवं सर्वव्यापक प्रभो! आप हमारे अंग-प्रत्यंग में तथा सर्वत्र पवित्रता प्रदान करें।

Aum. O' the Creator of the universe, purify our head and bless it with clarity of thoughts. O' the Blissful, bless us with clear vision in our eyes and purity & sweetness in our throat. May the Great Lord purify our hearts. May the Maker of all things purify my navel. May the stern and righteous Lord grant us strength in our feet. Once again we pray to the truthful God to purify our heads. May the all-pervading Lord purify from end to end i.e. all parts of our body and all places.

प्राणायाममन्त्राः

(The Breathing Exercises)

ओ३म् भूः। ओ३म् भुवः। ओ३म् स्वः। ओ३म् महः।
ओ३म् जनः। ओ३म् तपः। ओ३म् सत्यम्।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे प्रभो! आप जीवन दाता, दुख विनाशक, आनन्द दाता, सबसे महान्, सबके उत्पादक, न्यायस्वरूप तथा सत्यस्वरूप हैं।

Aum. O' God-Creator of life! The Shedder of all miseries! O' God of happiness! O' the greatest of all, Maker of all Stern in justice and truth.

।।अघमर्षण-मन्त्राः।।

(Uprooting the Sins)

ओम् ऋतञ्च सत्यञ्चाभीद्धात्पसोअध्यजायत।
ततो रात्रयजायत ततः समुद्रो अर्णवः।।1।।

सरल पाठ

ओ३म् ऋतं च सत्यं चा भी द्धात् तपसो अध्य अजायत। ततो रात्रयजायत। ततः समुद्रो अर्णवः।।1।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! उस भगवान की महिमा से प्राकृतिक, नैतिक एवं सामाजिक नियम, उत्पत्ति, प्रलय, रात्रि और फिर जलमय सागरों की रचना की गई।

Aum. Absolute truth and relative truth, creation and Dissolution came into existence through the glory of God, and then night and all oceans were produced.

समुद्रादर्णवादधि संवत्सरो अजायत।
अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्य मिषतो वशी।।2।।

सरल पाठ

समुद्रा दर्ण वा दधि संवत् सरो अजायत।
अहो रात्राणि विदधद् विश्वस्य मिषतो वशी।।2।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! जलमय समुद्रों की रचना पश्चात् उस शासक प्रभु ने समय विभाजन किया और फिर सालों, दिनों और रात्रियों की रचना की।

Aum. After creating the seas and oceans, the Ruler of the universe divided time and then producced Years, Days and Nights without effort.

सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्
दिवं च पृथिवींञ्चान्तरिक्षमथो स्वः।।

सरल पाठ

सूर्या चन्द्र मसौ धाता यथा पूर्वम् कल्पयत्।
दिवं च पृथिवीं चान्तरिक्ष मथो स्वः।।3।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! उस रचयिता ने पहिले के भाँति सूर्य, चन्द्रमा, आकाश, पृथ्वी और अन्तरिक्ष को फिर रचा।

Aum. the maker, formed as before, the Sun, the Moon, the Sky, the Earth and Space.

।। आचमन मन्त्रः।।

ओ३म् शन्नो देवीरभिष्टयऽआपो भवन्तु पीतये।
शंयोरभि स्रवन्तु नः।। यजु0 36/12

सरल भावार्थ

ओ३म्! सर्व-प्रकाशक, सुख-शान्तिदायक सर्वव्यापक देव! आप हम पर सब प्रकार की सुख शान्ति की वर्षा करें तथा हम मनोवांछित पूर्ण सुख शान्ति को प्राप्त करें।

May the all-pervading Divine Mother, be gracious enough to gratify our inner craving and shower blessings all around us.

मनसापरिक्रमामन्त्राः

(Mental Circumambulation)

नीचे लिखे छह मन्त्रों से सर्वव्यापक परमात्मा की स्तुति-प्रार्थना करें। इन छह मन्त्रों से परम प्रभु ओ३म् की सत्ता को सब दिग्-दिगन्तरों में अनुभव करते हुए सम्पूर्ण विश्व के साथ द्वेष-भावना को नष्ट करके मैत्रीभाव स्थापित कर निर्भय, निःशङ्क, उत्साही, आनन्दित और पुरुषार्थी रहें।

ओं प्राची दिगग्निरधिपतिरसितो रक्षितादित्या इषवः। तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु। योऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः।।1।।

– अथर्व0 3/26/1

सरल पाठ

ओ३म् प्राची दिग् अग्निः अधिपति रसितो रक्षिता आदित्या इषवः। तेभ्यो नमो धि पति भ्यो नमो रक्षितृ भ्यो नम इषु भ्यो नम ए भ्यो अस्तु। यो स्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष् मस्तं वो जम्भे दध्मः।।1।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! पूर्व दिशा का अधिपति, प्रकाशक, नायक, ज्ञानदाता अग्निदेव ओर सूर्य के रूप में विराजमान है, जो अपनी किरणरूपी बाणों से हमारी रक्षा करता है। दिशा से स्वामी, रक्षक तथा उसके साधनों को हमारा नमस्कार होवे। जो हमसे द्वेष करता है या हम किसी से द्वेष करते हैं, उस व्यक्ति को हे भगवन्! हम आपके न्याय पर छोड़ते हैं।

Aum. Agni, the eternal source of continuous progress, is always before us in the East in the shape of the Sun. The rays of the sun are its arrows to protect us. We adore you, O Agni, in gratitude for thy kind rule, kind protection and blessed gift of life. O God! we humbly thank thee, and place him, who hates us, or whomever we hate at thy disposal.

ओ३म् दक्षिणा दिगिन्द्रोऽधिपतिस्तिरश्चिराजी रक्षिता पितर इषवः। तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु। यो३स्मान्द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्यः।।2।। –अथर्ववेद 3/26/2

सरल पाठ

ओ३म् दक्षिणा दिग् इन्द्रो धिपतिस् ति रश्चि राजी रक्षिता पितर इषवः। ते भ्यो नमो धि पति भ्यो नमो रक्षितृ भ्यो नम इषु भ्यो नम ए भ्यो अस्तु। यो स्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष् मस्तं वो जम्भे दध्मः।।

सरल भावार्थ

ओ३म् (उपासक) अपने दाहिने हाथ अर्थात् दक्षिण दिशा

की ओर ईश्वर को इन्द्र के रूप में देखता है, जो धन-ऐश्वर्य का स्वामी है और दुष्ट लोगों से हमारी रक्षा करता है। आप विद्वानों के लक्ष्य-प्राप्ति में मार्गदर्शक हैं। हम इस दिशा के स्वामी, रक्षक तथा उसके साधनों को बारम्बार नमस्कार करते हैं। हम अपने पारस्परिक द्वेष भाव को आपके न्याय पर छोड़ते हैं।

Aum. Indra, Thou art our right in the South. You protect us from crooked and wicked people. You are the suppressor of evil forces and the learned elders are providers of the strength to achieve our goals. We submit to Thou those whom we hate and leave these to thy justice who hate others.

ओ३म् प्रतीची दिग्वरुणोऽधिपति पृदाकू रक्षितान्नमिषवः। तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु। यो३स्मान्द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः।।3।।

– अथर्ववेद 3/26/3

सरल पाठ

ओ३म् प्रतीची दिग् वरुणो धिपतिः पृदाकू रक्षिता अन्न मिषवः। ते भ्यो नमो धि पति भ्यो नमो रक्षितृ भ्यो नम इषु भ्यो नम ए भ्यो अस्तु। यो स्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष् मस्तं वो जम्भे दध्मः।।3।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! पश्चिम दिशा के स्वामी वरुण आप सर्वश्रेष्ठ हैं। आप भयानक एवं निष्ठुर प्राणियों से हमारी रक्षा करने वाले हो। हम अपने रक्षक का ध्यान एवं उपासना करते हैं। हमारा उनको बारम्बार नमस्कार

हो। हम अपने पारस्परिक द्वेष को आपके न्याय पर छोड़ते हैं।

Aum. May Varun, the supreme lord of the West, protect us from cruel and dangerous people. Thou creates food which gives us life on earth. We adore Varuna who is controller and protector of the universe. We leave all our ill-feelings among us at your command.

ओ३म् उदीची दिक्सोमोऽधिपतिः स्वजो रक्षिता-शनिरिषवः। तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु। योस्मान्द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः।।4।। – अथर्ववेद 3/26/4

सरल पाठ

ओ३म् उदीची दिक् सोमो धिपतिः स्वजो रक्षिता शनिरिषवः। ते भ्यो नमो धि पति भ्यो नमो रक्षितृ भ्यो नम इषु भ्यो नम ए भ्यो अस्तु। यो स्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष् मस्तं वो जम्भे दध्मः।।4।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे उत्तर दिशा के स्वामी, सुख-शान्ति दाता सोम देव! आप हम पर सुख शान्ति की वर्षा करें। हे सोमदेव! हम कुकर्मों एवं बुराइयों से सदैव दूर रहें। संसार के रक्षक व धारक सोमरूपी प्रभु की हम स्तुति करते हैं। हम आपका ध्यान एवं आपको बारम्बार नमस्कार करते हैं। हम अपने शत्रुओं को तथा अपने शत्रुभाव को आपके न्याय पर छोड़ते हैं।

Aum. O Soma, the Lord of the North, the showerer of peace and calmness, we pray to bestow peace upon us. The desire to rise higher like flames are means to attain glory in life. We worship Soma, the protector and controller of the universe. We leave all those who are inimical to us and whom we hate, to thy justice.

ओ३म् ध्रुवा दिग्विष्णुरधिपतिः कल्माषग्रीवो रक्षिता वीरुध इषवः। तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु। यो३स्मान्द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः।।5।।

– अथर्ववेद 3/26/4

सरल पाठ

ओ३म् ध्रुवा दिग् विष्णु रधि पति कल्माषग्रीवो रक्षिता वीरुध इषवः। ते भ्यो नमो धि पति भ्यो नमो रक्षितृ भ्यो नम इषु भ्यो नम ए भ्यो अस्तु। यो स्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष् मस्तं वो जम्भे दध्मः।।5।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! नीचे की दिशा के स्वामी विष्णो! आप ध्रुव एवं निश्चल हैं। हम आपके धैर्य एवं दृढ़ता की कामना करते हैं। जिस प्रकार आप पेड़ पौधों से हमारी रक्षा करते हैं, उसी प्रकार हम भी प्राणिमात्र का भला करें। संसार के रक्षक पोषक विष्णो! हम आपकी स्तुति एवं उपासना करते हैं। हम अपने सामाजिक द्वेषभाव को आपके न्याय पर छोड़ते हैं।

Aum. O All pervading Vishnu, we worship you for your stability and firmness. The pious and omnipresent God is the Lord here, the nourisher of our life with trees and plants, adviser of good deeds and is our protector. We worship you again and again. We leave all our ill-feelings among us for your justice.

ओ३म् ऊर्ध्वा दिग्बृहस्पतिरधिपतिः श्वित्रो रक्षिता वर्षमिषवः। तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु। यो३स्मान्द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः।।6।। – अथर्ववेद 3/26/4

सरल पाठ

ओ३म् ऊर्ध्वा दिग् बृहस्पति रधिपतिः श्वित्रो रक्षिता वर्षम् इषवः। ते भ्यो नमो धि पति भ्यो नमो रक्षितृ भ्यो नम इषु भ्यो नम एभ्यो अस्तु! यो स्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष् मस्तं वो जम्भे दध्मः।।6।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे सबके स्वामी, रक्षक बृहस्पति देव! आप वर्षा रूपी बाणों से हमारी रक्षा करते हो। आपकी ज्ञानरूपी वर्षा से हमारे मन का अन्धेरा मिटता है। हे रक्षक धारक बृहस्पति! हमारा नमस्कार आपको बारम्बार हो। हम अपने शत्रुता भाव को आपके न्याय व दया पर छोड़ते हैं।

Aum. Brhaspati, you are the Lord of us all. You are our saviour. Rain is your arrow.You remove our ignorance with the shower of knowledge. we bow before you again and again. We leave all including ourselves who have grudge for your judgement.

उपस्थानमन्त्राः

(Experiencing Nearness to God)

इन चार मंत्रों का उच्चारण करते हुए ऐसा अनुभव करें कि परमेश्वर के निकट मैं और मेरे अति निकट परमात्मा है। मानों मैं

सर्वशक्तिमान परमेश्वर की गोद में बैठा हूँ।

ओं उद्वयंतमसस्परि स्वः पश्यन्तऽउत्तरम्।
देवंदेवत्रा सूर्यमगन्म ज्योतिरुत्तमम्।।1।।

– यजु0 35/14

सरल पाठ

ओ३म् उद् वयं तम सस् परि स्वः पश्यन्त उत्तरम्। देवं देवत्रा सूर्यम् अगन्म ज्योतिर् उत्तमम्।।1।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे ज्योति स्वरूप सूर्य! आप सारे संसार में रमे हैं। आप ज्ञान एवं कल्याण के भण्डार हैं। आप सब ज्योतियों की ज्योति हैं। आप सर्वोपरि हैं। हम उस ज्ञान–ज्योति के लिए आपकी उपासना करते हैं।

Aum.The Sun is pervading the whole world with its light. May we rise above the veil of darkness and ignorance and behold thy brilliance and bliss. The sun is the greatest and the best among all.

उदु त्यं जातवेदसंदेवं वहन्ति केतवः।
दृशे विश्वाय सूर्यम।।2।। – यजु0 33/31

सरल पाठ

उदुत्यं जात वेदसं देवं वहन्ति केतवः।
दृशे विश्वाय सूर्यम्।।2।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे सूर्य! आप ज्ञान ज्योति के स्रोत हैं। आप इस विश्व की सम्पूर्ण ज्योतियों की ज्योति हैं, हम विश्व की प्रत्येक वस्तु में आपकी महानता को देखते हैं। हम उस ज्ञान–ज्योति हेतु आपका

ध्यान करते हैं। हम संसार के समस्त पदार्थ अपने भिन्न-भिन्न रचनादि गुणरूपी पताकाओं द्वारा सर्वज्ञ और चराचर के स्वामी की सत्ता का भान कराते हैं।

Aum. O God, really you are the revealer of the Vedas, possessor of supernatural character and establisher of distinctive attributes which act as sign-posts (flags) and show the soul of the universe.

ओ३म् चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः। आप्रा द्यावापृथिवीऽअन्तरिक्षं सूर्यऽआत्मा जगतस्तस्थुषश्च स्वाहा।।3।। – यजु0 7/42

सरल पाठ

ओ३म् चित्रं देवानाम् उदगा दनीकं चक्षुर् मित्रस्य वरूणस्य अग्नेः। आप्रा द्यावा पृथिवी अन्तरिक्षं सूर्य आत्मा जगतस्तस्थु षश्च स्वाहा।।3।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे ईश्वर! आप अद्भुत् स्वरूप एवं महानतम हैं। आपकी महानता सूर्य, जल एवं अग्नि में स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। आपकी शोभा पृथ्वी, आकाश एवं अन्तरिक्ष में सदैव विद्यमान है। आपकी महिमा जड़ एवं चेतन सभी में प्रकट होती है। हे संसार के जीवनदाता प्रभो! आप हमारे हृदयों में यथावत् प्रकाशित रहें।

Aum. O God ! Thou art wonderous, the ever-wakeful Eye, and the support of all the heavenly bodies, even the sun, the moon and fire. You hold the heaven, and the earth and space. Your glory is revealed in every creation of the

world. thou art the soul of all the moveable and unmoveable objects. May we act, think and speak rightly.

ओ३म् तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत्। पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतं श्रृणुयाम शरदः शतम् प्रब्रवाम शरदः शतमदीनाःस्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात्।।4।।

– यजु0 36/24

सरल पाठ

ओ३म् तत् चक्षुः देव हितं पुरस्तात्शुक्रम उच्चरत् पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतं श्रृणुयाम शरदः शतम् प्रब्रवाम शरदः शतम् अदीना स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात्।।4।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! ईश्वर सृष्टि की रचना के पूर्व विद्यमान था। वह सर्वद्रष्टा और सर्वज्ञ है। वह शुद्ध पवित्र हितकारी है, उसकी कृपा से हम सौ वर्ष तक जीवित रहें, सौ वर्ष तक सुनते रहें और सौ वर्ष तक बोलने की शक्ति रहे। सौ वर्ष के भी अधिक समय तक देखते, सुनते, बोलते तथा पराश्रित न रहकर जीवन व्यतीत करें।

Aum. O Thou, the seer of all, benefactor of righteous and learned, and the maker of the Universe, you were present even before the creation of the universe. You are Auspicious and Supreme. May we see a hundred autumns (years). May we live, hear and speak a hundred autumns and even more than hundred years without being (burden) dependent on any one.

।। गुरुमन्त्रः ।।

(The Prayer for Virtuous intellect)

ओ३म् भूर्भुवः स्वः। तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्।। – यजु0 40/17

सरल पाठ

ओ३म् भूर् भुवः स्वः। तत् सवितर् वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे सच्चिदानन्द! पृथ्वी, अन्तरिक्ष तथा द्युलोक के स्वामिन्! आप प्राणस्वरूप, दुःखहर्ता एवं आनन्दस्वरूप हो। आप कृपया हमारी बुद्धियों को उत्तम गुण, कर्म तथा स्वभावों की ओर प्रेरित व प्रवृत्त करें।

Aum. Om is the cause of our very existence and dearer to us than our life itself, wiper of all our pains and sorrows and Bestower of happiness. Thou art our God who alone is to be adored and worshipped. There is none beside. We should meditate upon you the most acceptable and the most knowlegeable God. May that imparter of bliss, inspire and lead our intellects.

समर्पणम्

(The offering)

उपरोक्त प्रकार के सब मन्त्रों के अर्थों के चिन्तन से परमेश्वर की सम्यक् उपासना करके आगे समपर्ण करें। इससे उपासक अपने अहंकार

से मुक्त होने का प्रयत्न करता है। शुभ कर्मों की ओर प्रेरित होता है।

हे ईश्वर दयानिधे! भवत्कृपयाऽनेन जपोपासनादिकर्मणा धर्मार्थकाममोक्षाणां सद्यः सिद्धिर्भवेन्नः।।

सरल पाठ

हे ईश्वर दया निधे! भवत् कृपया अनेन जप् उपासनादि कर्मणा धर्म अर्थ काम मोक्षाणं सद्यः सिद्धिर् भवेन्नः।।

सरल भावार्थ

हे करुणामय प्रभो! आपकी असीम कृपा से इस जप और उपासनादि कार्य से हमें तुरन्त धर्म, अर्थ, काम व मोक्षरूप चतुवर्ग की सिद्धि प्राप्त हो।

Aum.O the compassionate God, the infinite Fount of mercy, by thy grace whatever good deed done by us, and this performance of our devotional exercise of the recitation of the texts of the holy Vedas. Thy adoration and other acts, we wholeheartably offer to Thee, may we with your blessings, attain Dharma, Artha, Kama and Moksha.

नमस्कारमन्त्रः
(Obeisance)

ओ३म् नमः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः शंकराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च।।

– यजु0 16/41

सरल पाठ

ओ३म् नमः शम् भवाय च मयो भवाय च नमः शङ्कराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! मोक्ष स्वरूप ईश्वर को नमस्कार, सांसारिक सुख देने वाले प्रभु को नमस्कार, आनन्द देने वाले प्रभु को नमस्कार और अत्यन्त कल्याणकारक ईश्वर को हमारा बारम्बार नमस्कार होवे।

Aum.We bow to Thee and thank the Compassionate God, the Giver of happiness, the Blissful God, the Auspicius God. We pray and thank the Giver of perfect peace and tranquility.

इति ब्रह्मयज्ञ (सन्ध्योपासन) विधिः।।

परमात्मा के उपकारों का धन्यवाद, अपने दुर्गुणों का चिन्तन और आदर्श मानव बनने का संकल्प, यही सच्ची सन्ध्या है/प्रार्थना है।

– मदन लाल अनेजा

देवयज्ञ:अग्निहोत्र–हवन करने से पहले की तैयारी

1. हवन में प्रयोग होने वाले बर्तन/वस्तुएँ –

(i) एक छोटा हवन कुण्ड। साईज=9"x9" गहराई=3" और एक नालीदार हवनकुण्ड का स्टैण्ड (जल सिंचन के लिए)।

(ii) आहुति हेतु घी डालने के लिए हैंडल वाला (चौड़े तले वाला) घृतपात्र।

(iii) सामग्री की आहुति डालने के लिए 6" डायामीटर की 1" गहरी प्लेट (यजमानों की संख्या के अनुसार)

(iv) आचमन पात्र 3" चौड़ी कटोरी (यजमानों की संख्या के अनुसार) हाथ धोने के लिए

(v) जल पात्र 2" गहरी व 2" चौड़ी कटोरी (यजमानों की संख्या के अनुसार)

(vi) स्रुवा (चम्मच) 10" से 12" लम्बा–घी की आहुति डालने के लिए। यदि छोटे बच्चे को भी सामग्री की आहुति डालनी हो तो उसके द्वारा सामग्री डालने के लिए एक स्रुवा और लें ताकि सामग्री की आहुति डालते समय उसका हाथ न जले।

(vii) जल (हवन कुण्ड के चारों तरफ छिड़कने के लिए) पात्र (छोटा लोटा)।

(viii) एक चिमटा व एक ज्योति पात्र (दिया, दीपक)।

(ix) सामग्री रखने के लिए एक खुले मुँह वाला 2 किलो वाला प्लास्टिक का डिब्बा।

(x) एक छोटा 1 किलो का प्लास्टिक का डिब्बा–मुश्क कपूर, ज्यौत वट, छुहारे और माचिस रखने के लिए।

(xi) एक प्लास्टिक की टोकरी–समिधायें रखने के लिए।

क्रम सं0–(i) से (vii) तक बताये गये पात्र यदि तांबे के हों तो अति उत्तम है।

(xii) चार सूती कुशन या लकड़ी की चौकियाँ (बैठने के लिए)।

(xiii) आसन स्वच्छ साफ हों। आसन– काले, नीले, फटे, गन्दे न हों।

(xiv) एक प्लास्टिक की टोकरी हवन में प्रयोग हुये खाली बर्तनों को रखने के लिए।

2. हवन की तैयारी –

(i) शुद्ध साफ हवन कुण्ड स्थापित करें। रखें।

(ii) हवन कुण्ड में 5–10 ग्राम सामग्री या 4–5 लकड़ी के छोटे–छोटे टुकड़े डालें।

(iii) 2–3 टिक्की मुश्क कपूर की डालें और 3–4 टिक्की अलग से रखें।

(vi) प्रत्येक जल पात्र में लगभग आधा जल रखें। उसके साथ आचमन पात्र (कटोरी) रखें।

(v) 5 समिधायें (कुण्ड के आकारानुसार–लगभग 6"–7" लम्बी और 1"–1½" मोटी) व 4–5 लकड़ी के छोटे–छोटे टुकड़े हवन कुण्ड के पास रखें।

(vi) हैण्डल वाले घी पात्र में घी गर्म करके कुण्ड के साथ रखें। घी पात्र में तीन समिधायें भी रख दें। घी को हवन कुण्ड की अग्नि पर गर्म नहीं करना चाहिये।

(vii) रुई की बट घी में डुबोकर दीपक पात्र में रखें।

(viii) हवन सामग्री को प्लेट में डालकर रखें। सामग्री गौ घृत मिश्रित कर लेनी चाहिये।

यज्ञ सम्बन्धित कुछ आवश्यक बातें -

1. यज्ञ एक वैज्ञानिक प्रक्रिया के साथ-साथ एक प्रधान धार्मिक कार्य भी है। यह ठीक विधि विधान, अनुशासन एवं शक्ति के साथ की जानी चाहिये।
2. यज्ञ की आवश्यकता और उपयोगिता हमारे जीवन को स्वस्थ, पुष्ट और सुखमय बनाने में भोजन व औषधि से भी अधिक उपयोगी है।
3. यज्ञ आध्यात्मिक लाभ के साथ-साथ वायु और जल प्रदूषण को भी दूर करता है। अत: प्रत्येक आर्य को प्रतिदिन यज्ञ करना चाहिए।
4. यज्ञ का स्थान स्वच्छ व पवित्र होना चाहिये। दैनिक यज्ञ का समय निश्चित होना चाहिये।
5. आयुर्वेद में गाय का घी हवन में प्रयोग करना अधिक उचित माना गया है। इसमें अधिकतम विष प्रतिरोधक शक्ति होती है। अत: घी की आहुति देने वाला चम्मच/स्रुवा कुछ बड़ा हो तो अच्छा है।
6. आम, पीपल, बरगद, बेल, गूलर, पलाश की लकड़ी हवन के लिए उत्तम है। इनसे बहुत कम कार्बन डाई आक्साइड निकलती है। आवश्यकता से अधिक या मोटी समिधाएँ भी यज्ञ कुण्ड में नहीं डालनी चाहियें।
7. समिधायें सूखी, कीट रहित, बिना गांठ वाली, पवित्र व हवन कुण्ड के आकार के अनुसार होनी चाहिए। किसी भी आर्यसमाज से या बाजार से समिधाएं ले सकते हैं। घर पर हवन कुण्ड के आकार के अनुसार (कुल्हाड़ी से) उन्हें छोटा व पतला करके

पहले से ही रख लेना चाहिये।

8. तांबे के हवन कण्ड में कीटनाशक शक्ति अधिक होती है। अत: लोहे की अपेक्षा तांबे का कुण्ड प्रयोग करना अच्छा है। हवन कुण्ड अधिक गहरा नहीं होना चाहिये।
9. यज्ञ सामग्री ऋतुओं के अनुसार होने से उत्तम लाभ देती है। आजकल MDH की सामग्री अच्छी है। इसमें ऋतु के अनुसार अन्य सामग्री, जड़ी बूटियाँ मिलाई जा सकती हैं।
10. जलती हुई तीव्र अग्नि में ही आहुति देनी चाहिए ताकि धुंआ कम से कम हो। धुंआ कम करने के लिए अधिक घी व सूखी समिधा का प्रयोग करें। हवन करते समय हवन कुण्ड में स्रुवा या चिमटे से हवन अग्नि को नहीं हिलाना चाहिये।
11. हवन करते समय यज्ञोपवीत पहनना चाहिये। श्वास प्रश्वास का भी उचित प्रयोग करना चाहिये।
12. यज्ञ कर्म के समय मन स्थिर व शान्त रखना चाहिए। कमर, गर्दन व सिर सीधा रखना चाहिये।
13. यज्ञ पूर्ण श्रद्धा, प्रेम व ईश्वर प्रणिधान की भावना से करना चाहिये। यज्ञ करते समय गप-शप या सांसारिक बातें नहीं करनी चाहियें। यज्ञ प्रार्थना में ताली बजाना वर्जित है।
14. यज्ञ में काम आने वाले पात्र घर में प्रयोग नहीं करने चाहियें।
15. यज्ञ पूर्ण होने पर पुरोहित को उदारता के साथ, पर्याप्त दक्षिणा अवश्य देनी चाहिये। पर्याप्त दक्षिणा के बिना यज्ञ निष्फल माना जाता है।
16. यज्ञ करते समय कुर्ता पजामा या धोती कुर्ता ही पहनना चाहिये। काले वस्त्र व पेन्ट नहीं पहनने चाहिये।

17. यज्ञ वेदी पर एक से अधिक यजमानों (मुख्य यजमान) का बैठना अवैदिक है।
18. यज्ञ करते समय या यज्ञ के बाद हवन कुण्ड के आसपास गिरी सामग्री को हवन कुण्ड में नहीं डालना चाहिये।
19. हवन मन्त्रों के उच्चारण के बीच में प्रवचन करना (सलाह देना) निषेध है।
20. पुरोहित/ब्रह्मा यजमानों को विधि निर्देश आदि दे सकता है।
21. यज्ञ-प्रक्रिया में बारम्बार 'इदन्न मम' वाक्य का प्रयोग होता है। इसका अर्थ है-इसमें मेरा कुछ नहीं, अर्थात् लोक- कल्याण के लिए कार्य करना। यह भावना यज्ञ का सार है।

    पूर्ण लाभ यज्ञ के मन्त्रों का ठीक अर्थ जानकर उसी के अनुसार आचरण करने से मिलता है, समाज-सेवा करने से मिलता है।

यज्ञोपवीतमन्त्रः

ओ३म् यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात्।
आयुष्यमग्रयं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः।
ओ३म् यज्ञोपवीतमसि यज्ञस्य त्वा यज्ञोपवीतेनोपनह्यामि।।

सरल भावार्थ

1. यज्ञादि शुभ कार्यों में अधिकारी बनने के लिए इस ब्रह्म सूत्र को जो विद्या प्राप्ति का सूचक है, तथा अत्यन्त पवित्र और हितकारी है, उसे मैं धारण करता हूँ। प्रभु कृपा से यह मुझे बल और तेज प्रदान करे।

2. हे ब्रह्म सूत्र! यह यज्ञोपवीत मैं यज्ञ कार्यों के लिए ग्रहण किया हूँ तथा अपने को धर्म की प्रतिज्ञा में बाँधता हूँ।

देवयज्ञः अग्निहोत्र-हवन

(The daily sacrifice)
(Oblation in fire)

(प्रत्येक मन्त्र बोलने से पहले सीधे हाथ की हथेली में थोड़ा सा जल लें और मंत्र बोलने के बाद पियें)

।।अथ आचमनमन्त्राः।।

(SIPPING OF WATER)

ओम् अमृतोपस्तरणमसि स्वाहा।।1।। (तैत्तिरीयो0 1/32)

ओ३म्! हे अविनाशी प्रभो! आप ही मेरे आधार हैं। यह जल हमारे लिए सुखदायक हो जो सबका आधारभूत है।

(पहला आचमन आत्मा की शन्ति के लिए)

Aum. O Immortal God! Thou art my sustainer and shelter.

ओम् अमृतापिधानमसि स्वाहा।।2।। (तैत्तिरीयो0 1/33)

ओ३म्! हे अविनाशी प्रभो! आप ही मेरे रक्षक हैं। आप विश्व के धारक और पोषक हैं। हमारा भी पालन कीजिए।

(दूसरा आचमन मानसिक शान्ति के लिए)

Aum. O Immortal God! Thou art my protector.

ओं सत्यं यशः श्रीर्मयि श्रीः श्रयतां स्वाहा।।

ओ३म्! हे अविनाशी प्रभो! मै सत्य, कीर्ति और सबको आश्रय देनेवाली श्री को प्राप्त करूं। मेरी प्रार्थना सत्य एवं पूर्ण हो।

(तीसरा आचमन शारीरिक शान्ति के लिए)

Aum. O God, may I live under your protection, attain truth, good name, prosperity and spiritual distinctions for own as well as other's good. May this prayer of mine come true.

।।अङ्गस्पर्शमन्त्राः।।

(Touching Various Organs of the Body)

ओ३म् वाङ्मऽआस्येस्तु।।1।। इस मन्त्र से होठों को जल स्पर्श करें।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे सर्वशक्तिमान्! आपकी कृपा से मेरे मुख में वाक् शक्ति, अर्थात् अच्छा एवं मीठा बोलने की शक्ति बनी रहे।

Aum. Oh Almighty God, by Thy grace may my tongue be ever blessed with good speech.

ओ३म् नसोर्मे प्राणोऽअस्तु।।2।। इस मन्त्र से नासिका के दोनों छिद्र (पहले दायां फिर बायां) को जल स्पर्श करें।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे प्रभो! आपकी कृपा से मेरी नासिका में प्राणशक्ति बनी रहे।

Aum. Oh Almighty God, by Thy grace may my nostrils be blessed with good breathing.

ओ३म् अक्ष्णोर्मे चक्षुरस्तु।।3।। इस मन्त्र से दोनों आँख (पहले दायीं फिर बायीं) को जल स्पर्श करें।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे प्रभु! मेरी आँखों में दृष्टि (नेत्र) शक्ति बनी रहे।

Aum. O God, bless my eyes with perfect power of vision.

ओ३म् कर्णयोर्मे श्रोत्रमस्तु।।4।। इस मन्त्र से दोनों कान (पहले दायां फिर बायां) स्पर्श करें।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे प्रभो! मेरी कानों में श्रवण शक्ति बनी रहे।

Aum. Oh Almighty God, by Thy grace may my ears be blessed with good hearing.

ओ३म् बाह्वोर्मे बलमस्तु।।5।। – इस मन्त्र से दोनों भुजाएँ स्पर्श करें। (पहले दायां फिर बायां)

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे प्रभो! मेरी भुजाओं में बल शक्ति बनी रहे।

Aum. O God bless my arms with good strength.

ओ३म् ऊर्वोमऽओजोऽस्तु।।6।। इस मन्त्र से दोनों जंघाओं को स्पर्श करें। (पहले दायां फिर बायां)

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे प्रभो! मेरी जंघाओं में सामर्थ्य बना रहे।

Aum. O God bless my legs with good strength.

ओ३म् अरिष्टानि मेङ्गानि तनस्तन्वा मे सह सन्तु।।7।। इस मन्त्र से सारे शरीर पर जल छिड़कें।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे प्रभो! आपकी कृपा से मेरे शरीर के अंग-प्रत्यंग रोगरहित हों और मेरा शरीर पूर्णतया स्वस्थ हो।

Aum. O God, may these and all other limbs of my body be free of sickness and grant sound health.

ओ३म् भूर्भुवः स्वः।

इस मन्त्र से दीप प्रज्जवलित करें

सरल भावार्थ

ओ३म्! प्रभु प्राण स्वरूप, दुख विनाशक और सुखों की वर्षा करने वाला है।

Aum. Oh! life-breath of all, the Dispeller of miseries and imparter of bliss.

अग्नि प्रज्वालन
(Ignition of Fire)
(Placing Fire in the Fire-pan)

इस मंत्र से हवन कुण्ड में अग्नि प्रज्ज्वलित करें अर्थात् स्रुवा (चम्मच) में कपूर रखकर, दीपक से जलाकर कपूर को हवन कुण्ड में डालें।

ओं भूर्भुवः स्वद्यौरिव भूम्ना पृथिवीव वरिम्णा।
तस्यास्ते पृथिवी देवयजनि पृष्ठे अग्निम्
अन्नादमन्नाद्यायादधे।। – यजुर्वेद 3/5

सरल पाठ

ओ३म् भूरभुवः स्वर द्यौ रिव भूम्ना पृथिवीव वरिम्णा। तस्यास्ते पृथिवी देव यजनि पृष्ठे अग्निम् अन्नादम् अन्नाद्याय आदधे।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे प्रभो! आप द्वारा निर्मित इस पृथ्वी पर जहाँ सब

विद्वान् लोग यज्ञ किया करते हैं, मैं अग्नि का आधान कर रहा हूँ ताकि मुझे अन्नादि ऐश्वर्य की प्राप्ति हो। मैं भी प्राणस्वरूप, दुःख विनाशक और सुख स्वरूप बन सकूं। साथ ही मेरा हृदय द्युलोक-सा विशाल और पृथ्वी सदश धैर्ययुक्त और श्रेष्ठ हो।

Aum. Oh giver of life i.e. life breath of all, the dispeller of miseries and the Bestower of happiness. I kindle sacrificial fire on this land on which the virtuous people perform sacrifices and do good deeds, praying that I may be blessed with food and prosperity. May may heart be as great as this earth.

अग्नि समिन्धन
(अग्नि प्रदीप्त करने का मन्त्र)
(Inflamming the Sacrificial Fire)

इस मन्त्र का उच्चारण करते हुए यज्ञकुण्ड में जलते हुए कपूर और छोटी-छोटी समिधाओं के ऊपर स्रुवा से 2 या 3 बार घी डालें।

ओ३म् उदबुध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहित्वमिष्टापूर्त्ते सँसृजेथामयं च। अस्मिन्त्सधस्थेऽअध्युत्तरस्मिन् विश्वे देवा यजमानश्च सीदत।। - यजु0 15/54

सरल पाठ

ओ३म् उद् बुध्यस्व अग्ने प्रति जागृहि, त्वम इष्टा पूर्त्ते संसृजे था मयं च। अस्मिन् त्सधस्थे अध्युत्तर अस्मिन्, विश्वे देवा यजमानश्च सीदत।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे अग्नि! तू अच्छी तरह से प्रदीप्त हो। तुम्हारी

सहायता से यजमान यज्ञादि तथा लोकोपकार के कार्यों को करने के लिए उत्कृष्ट स्थान पर जहाँ नीच का भाव समाप्त हो जाता है, तुम सब लोग बैठो।

Aum. O Agni, please blaze well and rise high. May Yajmana, the performer, the host with your help, be able to perform all sacrificial duties and serve humanity. May this performer and other enlightened people sit together this stage irrespective of their social status.

समिदाधान मन्त्राः
(Offering of Fire-sticks)

इस मन्त्र से पहली समिधा घृत में भिगोई हुई हवन कुण्ड़ में रखें।

ओ३म् अयं त इध्म आत्मा जातवेदस्तेनेध्यस्व वर्धस्व चेद्ध वर्द्धय चास्मान् प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेनान्नाद्येन समेधय स्वाहा। इदमग्नये जातवेदसे इदन्न मम।।1।।

– आश्वलायन गृह्यसूत्र 1.10.12

सरल पाठ

ओ३म् अयं त इध्म आत्मा जात वेदस्
तेने ध्यस्व वर्धस्व चेद्ध वर्द्धय। चास्मान् प्रजया
पशुभि र्ब्रह्म वर्चसेन, अन्नाद् येन समेधय स्वाहा।
इदम अग्नये जातवेदसे-इदन्नन मम।

सरल भावार्थ

ओ३म्! समस्त पदार्थों में विद्यमान अग्ने। यह आत्मा तुम्हारी समिधा है, जैसे यह जलकर प्रकाश एवं उष्णता देती है, वैसे मैं भी

सत्यज्ञान और प्रकाश सारे संसार में फैलाऊँ। हे सर्वज्ञ अग्निदेव! आप हमें अन्न, धन, सन्तान, पशु एवं ब्रह्मवर्चस से समृद्ध कीजिए। यह मेरा आहुति सर्वज्ञ जातवेदा अग्नि के लिए है। यह सब आपका ही है, मेरा कुछ नहीं।

Aum. Oh Almighty God, just as Samidha (Wood) is fuel for fire this Atma (Soul) is your fuel. O Agni, blaze brighter and brighter and bless us with worthy offspring with divine glory, plenitful food and spiritual advancement. This oblation is for Agni-the Jatavaydas the Knower of every thing and this is not mine, it belongs to God.

द्वितीय समिधा

इन दोनों मंत्रों के बाद दूसरी समिधा घृत में भिगोई हुई हवन कुण्ड़ में रखें।

ओ३म् समिधाग्निं दुवस्यत घृतैर्बोधयतातिथिम्। आस्मिन् हव्या जुहोतन स्वाहा।। इदमग्नये इदन्न मम।।2।। यजु0 3/1

सरल पाठ

ओ३म् समिधा अग्निं दुवस्यत घृतैर् बोधया ता तिथिम्। आस्मिन् हव्या जुहोतन स्वाहा। इदमग्नये इदं न मम।

ओ३म् सुसमिद्धाय शोचिषे घृतं तीव्रं जुहोतन। अग्नये जातवेदसे स्वाहा। इदमग्नये जातवेदसे-इदन्न मम।।3।।

सरल पाठ

ओ३म् सु समिद्धाय शोचिषे घृतं तीव्रं जुहोतन। अग्नये जात वेद से स्वाहा। इदम अग्नये जात वेद से-इदं न मम।

सरल भावार्थ

ओम्! हे यजमान! जैसे आप घर आये अतिथि का प्रेम और

आदर से सेवा-सत्कार करते हो वैसे ही आप समिधा और घी से इस अग्नि का स्वागत कीजिए। तुम अच्छे द्रव्यों की आहुति दो।

जब अग्नि पूर्णरूपेण प्रदीप्त हो जाये तो इसमें अच्छी तरह तपाए हुए घी की आहुतियाँ दीजिए। ये आहुतियाँ ज्ञानस्वरूप अग्निदेव के लिए हैं, इनमें मेरा कोई स्वार्थ अथवा स्वत्व नहीं है।

Aum. Oh Yajman welcome Agni with Samidha and ghee as you welcome unexpected guests with hospitality. This oblation is for Agni which pervades everything.This is not mine, it is yours.

तृतीय समिधा

इस मंत्र से तीसरी समिधा घृत में भिगोई हुई अग्नि को अर्पण करें।

ओ३म् तन्त्वा समिद्भिरङ्गिरो घृतेन वर्द्धयामसि। बृहच्छोचा यविष्ठय स्वाहा। इदमग्नयेऽङ्गिरसे-इदन्न मम।।4।।

- यजु0 3/3

सरल पाठ

ओ३म् तं त्वा समिद् भिर अंगिरो घृतेन वर्द्ध याम सि। बृहच्छो चा यविष्ठ्य स्वाहा। इदमअग्नये अंगिरसेइदं न मम।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे समस्त पदार्थों का संश्लेषण एवं विश्लेषण करने में समर्थ अग्निदेव! तुम सब पदार्थ में विद्यमान रहकर सबको गति दे रहे हो। इन आहुतियों से मेरा कोई स्वार्थ नहीं, ये सब परमात्मा के लिए हैं।

Aum. Oh all-pervading Agni, we offer you oblations of wood and ghee to enable you to grow further and further. You are most helpful in joining and disjoining objects and setting them into motion. This oblation is for Agni, the motive power and not for myself.

पञ्चघृताहुतयः (पांच बार)

(Oblations of Ghee - Classified butter)

निम्न मन्त्र से केवल घी की पाँच आहुतियाँ दें। एक-एक बार मन्त्र को बोलने के बाद (प्रत्येक मंत्र उच्चारण के पश्चात्) एक-एक आहुति दें -

ओ३म् अयन्त इध्म आत्मा जातवेदस्तेनेध्यस्व वर्द्धस्व चेद्ध वर्धय चास्मान् प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेनान्नाद्येन समेधय स्वाहा। इदमग्नये जातवेदसे इदन्न मम।।1।।

- आश्वलायन गृह्यसूत्र 1/10/12

सरल पाठ

ओ३म् अयं त इध्म आत्मा जात वेदस् तेने ध्यस्व
वर्धस्व चेद्ध वर्द्धय। चास्मान् प्रजया पशुभिर ब्रह्म
वर्चसेन, अन्नाद येन समेधय स्वाहा।
इदम अग्नये जातवेदसे-इदं न मम।

सरल भावार्थ

ओ३म्! समस्त पदार्थों में विद्यमान अग्ने। यह आत्मा तुम्हारी समिधा है, जैसे यह जलकर प्रकाश एवं उष्णता देती है, वैसे मैं भी सत्यज्ञान और प्रकाश सारे संसार में फैलाऊँ। हे सर्वज्ञ अग्निदेव! आप हमें अन्न, धन, सन्तान, पशु एवं ब्रह्मवर्चस से समृद्ध कीजिए। यह मेरा आहुति सर्वज्ञ जातवेदा अग्नि के लिए है। यह सब आपका ही है, मेरा कुछ नहीं।

Aum. Oh Almighty God, Just as Samidha (Wood) is fuel for fire this Atma(Soul) is your fuel. O Agni, blaze brighter and brighter and bless us with worthy offspring

with diving glory, plentiful food and spiritual advancement. This oblation is for Agni-the Jatavaydas the Knower of every thing and this is not mine, it belongs to God.

।।जल-प्रसेचन मन्त्राः।।

(Sprinkling of water)

निम्न मन्त्रों को एक-एक बार बोलने के बाद क्रमशः पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण दिशा में-अग्नि कुण्ड के चारों ओर लोटे से जल सिंचन करते हैं।

(इससे (पूर्व में) दक्षिण से उत्तर की ओर जल छिड़कें)

ओ३म् अदितेऽनुमन्यस्व।। - आपस्तम्ब गह्यसूत्र - 3/1/3

सरल पाठ

ओ३म् अदिते अनु मन्य स्व-

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे अखण्ड ज्ञानमय परमात्मन्! हमारी प्रार्थना स्वीकार कीजिए।

Aum. O Unimpairable Almighty God! Accede to our request.

(इससे (पश्चिम में) दक्षिण से उत्तर की ओर जल छिड़कें)

ओ३म् अनुमतेऽनुमन्यस्व।। - आपस्तम्ब गह्यसूत्र 3/1/3

सरल पाठ

ओ३म् अनुमते अनु मन्य स्व-

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे दयालु इन्द्र! हमारे ऊपर दया दृष्टि रखें।

Aum. O Favourable God! Listen to our prayers.

(इससे (उत्तर में) पश्चिम से पूर्व की ओर जल छिड़कें)

ओम् सरस्वत्यनुमन्यस्व।। (आपस्तम्ब गृह्यसूत्र 1/3/1-3)

सरल पाठ

ओ३म् सरस्वती अनु मन्य स्व-

सरल भावार्थ

ओम्! हे सरस्वती! हमारी प्रार्थना सुनिए।

Aum. Oh All-knowledge Almighty God! Kindly accede to our request.

(इससे दक्षिण-पूर्व से प्रारम्भ करके दक्षिण-पश्चिम-उत्तर-पूर्व-दक्षिण-पूर्व चारों और जल छिड़कें)

ओ३म् देव सवितः प्रसुव यज्ञं प्रसुव यज्ञपतिं भगाय। दिव्यो गन्धर्वः केतपूः केतः नः पुनातु वाचस्पतिर्वाचं नः स्वदतु।

(यजु0 30/1)

सरल पाठ

ओ३म् देव सवितः प्रसुव यज्ञं प्रसुव यज्ञं पतिं भगाय। दिव्यो गन्धर्वः केतपूः केतं नः पुनातु वाचस्पतिर् वाचं नः स्वदतु।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे सकल जगत्-उत्पादक, वेदवाणी के स्रोत, बुद्धि को पवित्र करने वाले वाणी के रक्षक प्रभो! हमारी बुद्धियों को पवित्र कीजिए तथा हमारी वाणी को मधुर बनाइये।

Aum. Oh Almighty God! creator of the Universe, the Purifier of man's mind, and may the Protector of the Eternal Vedic Law, enable us to realise fully in our lives the truth of this Holy Vedic Speech. Kindly bestow sweetness in our speech.

।। आघारावाज्यभागाहुति-मन्त्राः।।

(Offering of Classfied butter - Ghee)

इस मन्त्र से (वेदी के उत्तर भाग में) पश्चिम से पूर्व की ओर) अग्नि में केवल घी की आहुति दें-

ओ३म् अग्नये स्वाहा।। इदमग्नये-इदन्न मम।।1।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे अग्नि! मैं आपका आह्वान करता हूँ। यह आहुति अग्नि के लिए है, मेरा कुछ नहीं।

Aum. Oh Agni, I offer these oblations for you. This is not mine, it is wholly for you.

इस मन्त्र से वेदी के दक्षिण भाग में अग्नि में केवल घी की आहुति दें।

ओ३म् सोमाय स्वाहा। इदं सोमाय-इदन्न मम।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे सोमदेव! मैं आपके लिए आहुति के रूप में समर्पण करता हूँ। यह सब आपके लिए है, मेरा इसमें कुछ नहीं।

Aum.I call upon Soma. This oblation is for you and nothing for myself.

इस मन्त्र से वेदी के बीच में घी की आहुति दें।

ओ३म् प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये इदन्न मम।।3।।

(यजु0 22/32; कात्या0 श्रो0 अ0 3 सू0 12)

सरल भावार्थ

ओ३म्! मैं प्रजापति परमेश्वर की आहुतियों के रूप में अपना सब कुछ समर्पित हूँ। सब कुछ तो आपका ही दिया हुआ है, मेरा तो कुछ नहीं।

Aum.Oh Prajapati, the Creator of the Universe. This

oblation is for you only and nothing for myself.

इस मन्त्र से भी वेदी के बीच में घी की आहुति दें

ओम् इन्द्राय स्वाहा। इदमिन्द्राय इदन्न मम।।4।।

(यजु0 22/27; कात्या0 श्रो0 अ0 3 सू0 19)

ओ३म्! हे इन्द्रदेव! मैं आपका आह्वान करता हूँ, यह आपके लिए है, मेरे लिए नहीं।

Aum.I call upon Indra, the Master of all power and self. This oblation is not for me, everything belongs to you Indra.

दैनिक अग्निहोत्र-यज्ञ

।।प्रातः कालीन होममन्त्रा।।

(Oblations for the Morning Sacrifice)

घी और सामग्री दोनों से आहुति दें।

ओ३म् सूर्यो ज्योतिर्ज्योतिः सूर्यः स्वाहा।।1।।

ओ३म् सूर्यो वर्चो ज्योतिर्वर्चः स्वाहा।।2।।

ओ३म् ज्योतिः सूर्य सूर्यो ज्योतिः स्वाहा।।3।।

ओ३म् सजूर्देवेन सवित्रा सजूरुषसेन्द्रवत्या। जुषाणः सूर्यो वेतु स्वाहा।।4।।

सरल पाठ

ओ३म् सूर्यो ज्योतिर् ज्योतिः सूर्यः स्वाहा।।1।।

ओ३म् सूर्यो वर्चो ज्योतिर वर्चः स्वाहा।।2।।

ओ३म् ज्योतिः सूर्य सूर्यो ज्योतिः स्वाहा।।3।।

ओ३म् सजूर् देवेन सवित्रा सजू रुष सेन्द्र वत्या। जुषाणः सूर्यो वेतु स्वाहा।।4।।

चारों मन्त्रों के सरल भावार्थ

ओ३म्! मैं सूर्यदेव का आह्वान करता हूँ, सूर्य रोशनी (ज्ञान) है और रोशनी ही सूर्य है। **(मन्त्र-1)**

Aum.I call upon Soorya. Soorya is knowledge and light is Soorya.

ओ३म्! हम सूर्य भगवान् का आह्वान करते हैं। सूर्य चमक (तेज) है और तेज ही सूर्य है। **(मन्त्र-2)**

Aum. I call upon Soorya. Soorya is glory and splendour and this glory is Soorya.

ओ३म्! हम सूर्य का आह्वान करते हैं। प्रकाश सूर्य और सूर्य ही प्रकाश है। **(मन्त्र-3)**

Aum. We call upon Soorya. Light is Surya and Surya is Light.

ओ३म्! अपने दिव्य प्रकाश और प्रेरणा शक्ति के साथ अति सुशोभित ऊषा की प्रभा के साथ सूर्य नारायण इस आहुति को प्राप्त करें। **(मन्त्र-4)**

Aum. May this sun with dawn accept our oblation and diffusue the fragrance of Yajya far and wide.

।। सायंकालीन होममन्त्राः।।

(Oblations for the Evening Sacrifice)

घी और सामग्री-दोनों से आहुति दें।

ओ३म् अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहा।।1।।

ओ३म् अग्निर्वर्चो ज्योतिर्वर्चः स्वाहा।।2।।

ओ३म् अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहा।।3।।

(मौन आहुति)

ओ३म् सजूर्देवेन सवित्रा सजूरात्रयेन्द्रवत्या। जुषाणो अग्निर्वेतु स्वाहा।।4।।

सरल पाठ

ओ३म् अग्निर् ज्योति ज्योतिर् अग्निः स्वाहा।।1।।

ओ३म् अग्निर् वर्चो ज्योतिर् वर्चः स्वाहा।।2।।

ओ३म् अग्निर ज्योतिर् ज्योतिर् अग्निः स्वाहा।।3।।

ओ३म् सजूर देवेन सवित्रा सजू रात्र्य एन्द्र वत्या। जुषाणो अग्निर् वेतु स्वाहा।।4।।

चारों मन्त्रों के सरल भावार्थ

ओ३म्! हम अग्निदेव का आह्वान करते हैं। अग्नि प्रकाश है और प्रकाश अग्नि है। **(मन्त्र-1)**

Aum.We call upon Agni. Agni is light and light is Agni.

ओ३म्! हम अग्निदेव को पुकारते हैं। अग्नि तेज है और तेज ही अग्नि है। **(मन्त्र-2)**

Aum.Oh Agni! You are Tejas'and 'Tejas' is Agni.

ओ३म्! हे अग्निदेव! आप ज्योतिस्वरूप हो। आपकी ज्योति ही अग्निरूप है।**(मन्त्र-3)**

Aum.We call upon Agni. Agni is Knowledge and knowledge is Agni.

ओ३म्! हे अग्निदेव! आप ईश्वर का ही रूप हो। आप अपने दिव्य प्रकाश तथा संसार की उत्पादक तथा प्रेरक शक्ति के साथ चमकती हुई और सुशोभित रात्रि के साथ इस आहुति को प्राप्त होकर इन आहुतियों को सर्वत्र प्रसारित करें।**(मन्त्र-4)**

Aum. Oh the Supreme Light. You are resplendent like the lustrous thermic force in the world. May this thermic force, accept our oblation and diffuse the fragrance of the Yajya to the whole world.

।।प्रातः सायंकालीन मन्त्राः।।

(Oblations for both Morning & Evening Sacrifice)

निम्नलिखित मन्त्रों से प्रातः-सायं आहुति देनी चाहिए-

ओ३म् भूरग्नये प्राणाय स्वाहा।। इदमग्नये प्राणाय इदन्न मम।।1।।

ओ३म् भुवर्वायवेऽपानाय स्वाहा।। इदं वायवेऽपानाय इदन्न मम।।2।।

ओ३म् स्वरादित्याय व्यानाय स्वाहा।। इदमादित्याय व्यानाय इदत्र मम।।3।।

ओ३म् भुर्भुवः स्वरग्निवाय्वादित्येभ्यः प्राणापान व्यानेभ्यः स्वाहा।। इदमग्निवाय्वादित्येभ्यः प्राणपान- व्यानेभ्यः इदन्न मम।।4।।

सरल पाठ

ओ३म् भूर् अग्नये प्राणाय स्वाहा।

इदं अग्नये प्राणाय इदं न मम।।

ओ३म् भुवर् वायवे अपानाय स्वाहा।।

इदं वायवे अपानाय-इदं न मम।।

ओ३म् स्वरा दित्याय व्यानाय स्वाहा।।

इदं आदित्याय व्यानाय इदं न मम।।

ओ३म् भूर् भुवः स्वरग्नि वाय्वा दित्येभ्यः प्राण अपान व्याने भ्यः स्वाहा।।

इदं अग्नि वाय्वा दित्ये भ्यः प्राण अपान व्याने भ्यः इदं न मम।।

चारों मन्त्रों के सरल भावार्थ

ओ३म्! मैं प्राणपद संसार रचियता अग्नि का आह्वान करता

हूँ। यह हवि अग्निदेव के लिए है। मेरा इसमें कुछ नहीं। **(मन्त्र-1)**

Aum. I call upon Agni, the creator and life-breath of the universe. This oblation is for Agni. This is not mine, it belongs to you.

ओ३म्! दु:ख विनाशक, समस्त संसार को जीवन प्रदान करने वाली वायु की पवित्रता एवं अपान वायु की शद्धता के लिए मैं वायु देव को यह आहुति देता हूं। यह मेरे लिए नहीं है।**(मन्त्र-2)**

Aum.I call upon Vayu, the dispeller of suffering for Apana (intaking breath). This oblation is for you and does not belong to me.

ओ३म्! मै सुखों के दाता आदित्यदेव का व्यान के लिए आह्वान करता हूँ। यह आहुति आदित्य और व्यान के लिए है, मेरे लिए नहीं।**(मन्त्र-3)**

Aum.I call upon Aditya, the Bestower of bliss on his devotees for Vyana (out going-breath). This offer is for Aditya only and nothing for myself.

ओ३म्! समस्त संसार के जीवनदाता, दु:खहर्ता, सुखदाता परमेश्वर की प्रसन्नता के लिए अनुकूलता तथा प्राण, अपान और व्यान की शुद्धि के लिए यह आहुति है। यह मेरे लिए नहीं है। **(मन्त्र-4)**

Aum. I call upon Agni, the Maker, Vayu the Shedder of miseres and Aditya, the bestower of all bliss for prana. Apana and Vyana respectively. This offer is for Agni, Vayu and Aditya only and nothing for myself.

समर्पण मन्त्र

ओ३म् आपो ज्योति रसोऽमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरों स्वाहा।।5।।

सरल पाठ

ओ३म् आपो ज्योति रसो अमृतं ब्रह्म भुर् भुवः स्वरों स्वाहा।।5।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! जल समान शान्तिदायक, प्रकाशस्वरूप, आनन्द रस के देने वाला, मुक्ति प्रदाता, सबसे महान्, प्राणाधार, दुःखनाशक, सुखस्वरूप, सर्वरक्षक परमेश्वर की प्रसन्नता के लिए यह आहुति है।

Aum. A call upon the creator and the preserver of the universe. God is all-prevading. He is the highest source of intelligence. May God protect his devotees.

प्रार्थना मन्त्र

ओं यां मेधां देवगणाः पितरश्चोपासते।
तया मामद्य मेधाविन कुरु स्वाहा।।6।।

सरल पाठ

ओ३म् यां मेधां देवगणाः पितरश्चोपासते। तया मामद्य मेधयाऽग्ने मेधाविन कुरु स्वाहा।।6।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे प्रकाशस्वरूप, ज्ञानस्वरूप प्रभो! जिस मेधा बुद्धि को विद्वान् और पितर लोग प्राप्त करते हैं और उपयोग करते हैं। वही धारणावती बुद्धि मुझे प्रदान कर मेधावी बनाइये। यह मेरी आपसे हार्दिक प्रार्थना है।

Aum. I call upon you, O Agni Grant me that superior discriminating intellect which enlightened ancesstors posessed. This is my heartfelt prayer to Thee.

ओ३म् विश्वानि देव सवितुर्दुरितानि परा सुव।
यद् भद्रं तन्न आसुव स्वाहा।।7।।

सरल पाठ

ओ३म् विश्वानि देव सवितर् दुरि तानि परा सुव।
यद् भद्रं तन्न आसुव स्वाहा।।7।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे सकल जगत् के उत्पत्तिकर्ता, समग्र ऐश्वर्ययुक्त, शुद्धस्वरूप, सब सुखों के दाता परमेश्वर, आप कृपा करके हमारे सम्पूर्ण दुर्गुण, दुर्व्यसन और दु:खों को दूर कर दीजिए और जो कल्याणकारक गुण, कर्म, स्वभाव और पदार्थ हैं, वह हमको प्राप्त कराइये।

Aum. O God Almighty, the creator of the Universe and Bestower of happiness. We pray Thee to keep us far from bad habits, Vices and calamities and bestow, upon us what is blessed and auspicious.

अग्ने नय सुपथा रायेऽअस्मान् विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्।
युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठान्ते नमः उक्तिं विधेम स्वाहा।।8।।

सरल पाठ

ओ३म् अग्ने नय सुपथा राये अस्मान् विश्वानि देव वयु नानि विद्वान्। युयो ध्यस्म ज्जुहुराण मेनो, भूयिष्ठां ते नम उक्तिं विधेम।।8।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे स्वप्रकाश स्वरूप एवं ज्ञानमय अग्निदेव! आप कृपया हमें उस मार्ग पर ले जाइये जो सुपथ हो ताकि हम अच्छे कामों से इस संसार में सम्पदा एवं ज्ञान प्राप्त कर सकें। हमारी सब प्रकार की कुटिलताएँ और पाप कर्म दूर कीजिए। हम सर्वदा आपका भजन एवं आपकी उपासना करते रहें।

Aum. O God! the self-illuminating Agni, the personification of knowledge. Kindly lead us on the right path which leads to real knowledge and worldly riches through rightous acts. Shed away all our crooked ill-feelings and sins. Kindly bestow upon us the intellect which may help meditating upon you.

नोट :-

(1) जो साधक अधिक आहुति देना चाहते हैं, वे गायत्री मंत्र से आहुति दे सकते हैं।

(2) यदि साधक अधिक हैं, तो ऐसे सभी साधक क्रमशः यज्ञ वेदी पर बैठकर गायत्री मंत्र से आहुतियाँ दे सकते हैं।

गायत्री मन्त्र

ओ३म् र्भू भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।

सरल पाठ

ओ३म् भूर् भुवः स्वः। तत् सवितुर् वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।

।। पूर्णाहुति-मन्त्रः ।।

1. केवल घृत द्वारा आहुति दें।
2. दैनिक यज्ञ में इस मन्त्र को छोड़ सकते हैं।

ओ३म् पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।। (ब्राह्मणग्रन्थ)

सरल पाठ

ओ३म् पूर्ण मदः पूर्ण मिदं पूर्णात् पूर्ण मुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्ण मादाय पूर्ण मेवा व शिष्यते।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! यह ब्रह्म पूर्ण है, यह जगत् भी पूर्ण है। पूर्ण ब्रह्म से पूर्ण ही प्रकट होता है। पूर्ण में से पूर्णता को लेने पर पूर्ण ही शेष रहता है।

Aum. He, the Almighty possessor of perfect power and fully perfect in fulfilling the needs and desires of all the creatures from that Supreme power emerges the perfect, leaving which, we, the Pursha-Purana remains in the same status and glory.

ओ३म् सर्वं वै पूर्णं स्वाहा।।1।
ओ३म् सर्वं वै पूर्णं स्वाहा।।2।
ओ३म् सर्वं वै पूर्णं स्वाहा।।3।

सरल भावार्थ एवं प्रार्थना

हे प्रभो! जो प्रार्थनायें हमने भिन्न-भिन्न मन्त्रों द्वारा इस यज्ञ में की हैं, वे सच्चे हृदय की पुकार हैं। स्वीकार कीजिये। प्रभो! मेरे द्वारा दी गई सम्पूर्ण सामग्री सबके लिए कल्याणकारी हो। इसको विस्तार दीजिये।

शेष घृत छोड़ने का मन्त्र

(इस मंत्र को बोलते हुए कुण्ड के अन्दर चारों तरफ घी की धारा छोडें)

ओ३म् वसोः पवित्रमसि शतधारं
वसोः पवित्रमसि सहस्त्रधारम्।
देवस्त्वा सविता पुनातु वसोः।
पवित्रेण शतधारेण सुप्वा कामधुक्षः।।

घृत लगाने का मन्त्र

तेजोऽसि तेजोमयि धेहि। वीर्यमसि वीर्यमयि धेहि।
बलमसि बलमयि धेहि। ओजोऽसि ओजोमयि धेहि।
मन्युरसि मन्युंमयि धेहि। सहोऽसि सहोमयि धेहि।।

मंगल कामना

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद दुःखभागभवेत।।
सबका भला करो भगवान्, सब पर दया करो भगवान।
हे ईश! सब सुखी हों कोई न हो दुखारी।
सब हों नीरोग भगवन धनधान्य के भण्डारी।।
सब भद्रभाव देखें सन्मार्ग के पथिक हों।
दुखिया न कोई होवे सष्टि में प्राणधारी।।

सुखी बसे संसार सब

सुखी बसे संसार सब, दुखिया रहे न कोय।
यह अभिलाषा हम सबकी, भगवन पूरी होय।।1।।
विद्या, बुद्धि, तेज, बल, सबके भीतर होय।
दूध-पूत, धन-धान्य से, वञ्चित रहे न कोय।।2।।
आपकी भक्ति प्रेम से, मन होवे भरपूर।
राग-द्वेष से चित्त मेरा, कोसों भागे दूर।।3।।
मिले भरोसा नाम का, हमें सदा जगदीश।
आशा तेरे धाम की, बनी रहे मम ईश।।4।।
हमें बचाओ पाप से, करके दया दयाल।
अपना भक्त बनाय कर, सब को करो निहाल।।5।।
दिल में दया उदारता, मन में प्रेम अपार।
धैर्य हृदय में वीरता, सबको दो करतार।।6।।
नारायण तुम आप हो, पाप विमोचन हार।
क्षमा करो अपराध सब, कर दो भव से पार।।7।।
हाथ जोड़ विनति करूं, सुनिये कृपा-निधान।
साधु-संगत सुख दीजिए, दया नम्रता दान।।8।।

यज्ञ प्रार्थना

पूजनीय प्रभो! हमारे भाव उज्जवल कीजिए।
छोड़ देवें छल-कपट को मानसिक बल दीजिए।।1।।

वेद की बोलें ऋचायें सत्य को धारण करें।
हर्ष में हों मग्न सारे शोक-सागर से तरें।।2।।

अश्वमेधादिक रचायें यज्ञ पर उपकार को।
धर्म-मर्यादा चलाकर लाभ दें संसार को।।3।।

नित्य श्रद्धा भक्ति से यज्ञादि हम करते रहें।
रोग पीड़ित विश्व के सन्ताप सब हरते रहें।।4।।

भावना मिट जायें मन से पाप-अत्याचार की।
कामनाएं पूर्ण होवें यज्ञ से नर-नार की।।5।।

लाभकारी हो हवन हर जीवधारी के लिए।
वायु जल सर्वत्र हों शुभ गन्ध को धारण किए।।6।।

स्वार्थ-भाव मिटे हमारा प्रेम पथ विस्तार हो।
'इदन्न मम' का सार्थक प्रत्येक में व्यवहार हो।।7।।

प्रेम रस में तृप्त होकर वन्दना हम कर रहे।
नाथ 'करुणारूप' करुणा आपकी सब पर रहे।।8।।

शान्ति पाठ

ओ३म् द्यौः शान्तिरन्तरिक्षँ शान्तिः पृथिवी शान्तिरापः शान्ति- रोषधयः शान्तिः। वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः सर्व शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सा मा शान्तिरेधि।

ओ३म् शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।18।। यजु0 36/12

सरल पाठ

द्यौः शांतिर अन्तरिक्षं शांतिः पृथिवी शान्तिर् आपः शान्तिर् ओषधयः शांति। वनस्पतयः शान्तिर् विश्वे देवाः शान्तिर् ब्रह्म शांतिः सर्व शान्तिः शान्ति रेव शान्तिः सा मा शान्ति रेधि।

ओ३म् शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

भावार्थ-हे प्रभो! आपकी कृपा से द्युलोक, अन्तरिक्ष लोक, पृथिवी लोक, जल, औषधियाँ, वनस्पतियाँ, यह विशाल विश्व, संसार का सब कुछ, उसका कोना-कोना शांति का ही स्वर आलापे! मुझे सब जगह से शांति ही शांति प्राप्त हो जो निरन्तर बढ़ती ही रहे।

।। बलिवैश्वदेवयज्ञः।।

(BHUTAYAJNA)

प्रभु की आज्ञा है कि मनुष्य को दिये गये भोगों को अकेले नहीं खाना चाहिये। उन्हे दीन–दु:खियों एवं अभावग्रस्तों को बाँटकर स्वयं उपभोग करना चाहिए। इस कर्तव्य को स्मरण कराने के लिए इन दस मन्त्रों से घृतमिश्रित भात से यदि भात न बना हो तो क्षार और लवणान्न को छोड़ कर जो कुछ मिष्ठान्न आदि पाकशाला में बना हो, उसकी दस आहुति दी जाती हैं।।

ओ३म् अग्नये स्वाहा।। ।।1।।
ओ३म् सोमाय स्वाहा।। ।।2।।
ओ३म् अग्निषोमाभ्यां स्वाहा। ।।3।।
ओ३म् विश्वेभ्यो देवेभ्यः स्वाहा।। ।।4।।
ओ३म् धन्वन्तरये स्वाहा।। ।।5।।
ओ३म् कुह्वै स्वाहा।। ।।6।।
ओ३म् अनुमत्यै स्वाहा।। ।।7।।
ओ३म् प्रजापतये स्वाहा।। ।।8।।
ओ३म् सह द्यावा पृथिवीभ्यां स्वाहा।। ।।9।।
ओ३म् स्विष्टकृते स्वाहा।। ।।10।।

।। विशेषयज्ञ-मन्त्राः।।

(Oblations for Special Sacrifices)

।।व्याहृत्याहुति-मन्त्राः।।

ओ३म् भूरग्नये स्वाहा।। इदमग्नये इदं न मम।।1।।

सरल पाठ

ओ३म् भूर् अग्नये स्वाहा। इदं अग्नये इदं न मम।

सरल भावार्थ

ओ३म्! मैं प्राणाधार अग्निदेव के लिए आहुति समर्पित करता हूँ। यह मेरे लिए नहीं।

Aum. Oh Agni,the imparter of life. This oblation is for Agni and not for me. Everything belongs to you.

ओ३म् भुवर्वायवे स्वाहा।। इदं वायवे इदं न मम।।2।।

सरल पाठः

ओ३म् भूवर् वायवे स्वाहा। इदं वायवे इदं न मम।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे गतिशील प्रभो! यह आहुति वायु के लिए अर्पित करता हूँ। यह आहुति वायु के लिए है, मेरे लिए नहीं।

Aum.I call upon Agni, Vayu and Aditya for long life, perfect happiness and riches respectively, What I offer is for all of you and nothing for myself.

ओ३म् स्वरादित्याय स्वाहा।। इदमादित्याय इदं न मम।।3।।

सरल पाठः

ओ३म् स्वरा दित्याय स्वाहा। इदं आदित्याय इदं न मम।

सरल भावार्थ

ओ३म्! मैं आनन्दस्वरूप सुखदाता आदित्य देव का आह्वान करता हूँ। यह आहुति आदित्य के लिए है। मेरा तो कुछ भी नहीं। सब कुछ तो आपका है।

Aum. Oh Aditya, the giver of happiness! This oblation is for you. This is not mine, this belongs to you.

ओ३म् भूर्भुवः स्वरग्निवाय्वादित्येभ्यः स्वाहा।।
इदमग्निवाय्वादित्येभ्यः इदं न मम।।4।।

(तै0उ0 शिक्षा0 5; तै0 आ0 10/2)

सरल पाठ

ओ३म् भूर भुवः स्वर अग्नि वाय्वादित्येभ्यः स्वाहा। इदं अग्नि वाय्वादित्य भ्यः इदं न मम।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे भूः भुवः स्वः स्वरूप देव! मैं फिर इन तीनों लोकों के लिए आहुति देता हूँ। यह आहुति त्रिलोकी अर्थात् अग्नि, वायु एवं आदित्य के लिए है। मेरा अपना तो कुछ नहीं, सब कुछ तो प्रभु का है।

Aum.I call upon Agni, Vayu and Aditya for long life, perfect happiness and riches respectively. What I offer is for all of you and nothing for myself.

।। स्विष्ट्कृदाहुतिः।।

(केवल घृत या भात से ही आहुति दें)

ओ३म् यदस्य कर्मणोऽत्यरारिचं यद्वा न्यूनमिहाकरम्।

अग्निष्टत् स्विष्टकृद्विद्यात् सर्वं स्विष्टं सुहुतं करोतु मे।
अग्नये स्विष्टकृते सुहुतहुते सर्वप्रायश्चित्ताहुतीनां
कामानां समर्द्धयित्रे सर्वान्नः कामान्त्समर्द्धय स्वाहा।
इदमग्नये स्विष्टकृते-इदन्न मम।

सरल पाठ

ओ३म् यदस्य कर्मणो अत्य री रिचं यद्वा न्यून मिहा करम्। अग्निष्टत् स्विष्ट कृत् विद्यात् सर्व स्विष्टं सुहुतं करोतु मे। अग्नये स्विष्ट कृते सुहुत हुते सर्व प्रायश्चित्त आहुतीनां कामानां समर्द्धयित्रे सर्वान्नः कामान्त् समर्द्धय स्वाहा। इद अग्नये स्विष्ट कृते-इदं न मम।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे ज्ञानस्वरूप प्रभो! आप इस यज्ञ से सम्बन्धित मेरी सभी मनोकामनाओं को जानते हैं, कृपा करके उन्हें पूरा कीजिए। मैंने यज्ञ कर्म में जो कुछ भी विधि से अधिक या न्यून किया हो, वह दयालु परमात्मा उसे पूर्ण कर दें। जो कुछ भी है उसे स्वीकार कीजिए। यह आहुति अग्निस्वरूप प्रभु के लिए है। यह सब कुछ जो मेरे पास है, वह आपको ही समर्पित है और इसमें मेरा कुछ नहीं।

Aum.Oh all-knowing God, fulfiller of all noble desires, you know all what I seek. Please fulfil them. Please accept the offerings which I have offered you reverently. Please condone whatever excess or shortcoming there may have been in this Yajya. Make this Yajya a success. You are the destroyer of all evils and bestower of goodness in making. O Agni, the fulfiller of all wishes this oblation is for you. This is not mine, it belongs to you.

।। प्राजापत्याहुति-मन्त्रः।।

(मौन आहुति)

निम्नलिखित मन्त्र को मन में बोलकर प्रजापत्याहुति दें-

ओ३म् प्रजापतये स्वाहा।। इदं प्रजापतये इदं न मम।।

- पार0 गृह्य0 1/9/3

सरल भावार्थ

ओ३म्! मैं प्रजापति परमेश्वर का आह्वान करता हूँ, यह आहुति प्रजापति को समर्पित है। मेरा तो अपना कुछ नहीं।

Aum. Oh Prajapati, the Supreme Lord ! I call upon you. This oblation is Thine and Thine only. Nothing is mine here.

आज्याहुति मंत्र

ओ३म् भूर्भुवः स्वः। अग्न आयुंषि पवस आ सुवोर्जमिषं च नः।आरे बाधस्व दुच्छुनां स्वाहा। इदमग्नये पवमानाय इदं न मम।।

सरल पाठ

ओ३म् भूर्भूवः स्वः। अग्नआयूं षि पवस, आसुवोर् जमिषं च नः। आरे बाधस्व दुच्छुनां स्वाहा। इदं अग्नये पवमानाय-इदं न मम।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे प्राणाधार, दुःखविनाशक और दुखों की वर्षा करने वाले प्रभो! आप हमारी आयुओं को पवित्र करो, ऐश्वर्य तथा शक्ति प्रदान करो, हमारे अवगुणों और दुर्जिनों को दूर करो। यह परम पुनीत शान्तिदायक अग्निदेव के लिए आहुति है मेरा नहीं।

Aum.God is the very breath of life, the shedder of miseries and the Bestower of happiness. O God, bestow

upon life and vigour save us from distresses, Calamities and mishaps. This is my earnest prayer. I offer this oblation to Agni, the Giver of peace. This is Thine and Thine only. Nothing is mine here.

ओ३म् भूर्भुवः स्वः। अग्निऋषिः पावमानः, पाञ्चजन्य पुरोहितः। तमीमहे महागयं स्वाहा। इदमग्नये पवमानाय इदं न मम।।

सरल पाठ

ओ३म् भूर्भुवः स्वः। अग्नि ऋषिः पवमानः, पाञ्चजन्यः पुरोहितः। तमीमहे महागयं स्वाहा। इदमग्नये पवमानाय इदं न मम।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे प्राणप्रद, दुःखहर्ता और सुखदाता पवमान अग्निदेव! आप सबको पवित्र करने वाले हो, आप हमारे पुरोहित–अग्रणी हो। आप न्यायकारी और सत्यस्वरूप हो। हे शान्ति एवं न्याय के देव अग्नि! मैं यह आहुति आपको समर्पित करता हूँ। इसमें मेरा कुछ भी नहीं।

Aum. God is the cause of life, the dispeller of all miseries and doer of good deeds. Oh God, you are the Supreme Lord who loves righteousness and justice. You are our guide. I offer this oblation to Agni, the source of peace and justice. This oblation is purely for you and does not belong to me.

ओ३म् भूर्भुवः स्वः। अग्ने पवस्व स्वपा अस्मे वर्चः सुवीर्यम्। दधद्रयिं मयि पोषं स्वाहा। इदमग्नये पवमानाय इदन्न मम।।

सरल पाठ

ओ३म् भूर्भुवः स्वः। अग्ने पवस्व स्वपा अस्मे वर्चः सु वीर्यम्। दधद् रयिं मयि पोषम् स्वाहा। इदं अग्नये पवमानाय–इदं न मम।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे सर्वाधार दु:ख विनाशक, सुखस्वरूप, प्रकाशमय प्रभो! आप हम पर सर्वदा प्यार और दया का हाथ रखिए। आप हमें पवित्र कर बल और ओज प्रदान कीजिए। आप हमें धन, ऐश्वर्य और शारीरिक सुख दीजिए। मैं यह आहुति शान्तिदायक अग्निदेव को देता हूँ। सब कुछ तो आपका ही है। मेरा तो कुछ भी नहीं।

Aum. God is the Giver of life. the Remover of miseries, and the Giver of happiness. O God, may you rule over us in love and kindness. Purify us, give us strength and energy. Bless us with all kinds of riches and vigour. I offer this oblation to Agni, the source of peace. This is for you and not for me.

ओ३म् भूर्भुवः स्वः। प्रजापते नत्वदेतान्यन्यो विश्वा जातानि परिता बभूव। यत्कामास्ते-जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं स्याम पतयो रयीणां स्वाहा। इदं प्रजापतये-इदन्न मम।।

सरल पाठ

ओ३म् भूर् भुवः स्वः। प्रजापते न त्व देता न्यन्यो विश्वा जातानि परिता बभूव। यत् कामास्ते जुहु मस्तन्नो अस्तु, वयं स्याम पतयो रयीणां स्वाहा। इदं प्रजापतये-इदं न मम।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! प्रभु जीवनदाता, दु:खों का नाश करने वाला और सुखों की वर्षा करने वाला है। हे प्रजा के स्वामी! आपसे भिन्न दूसरा कोई इन सब उत्पन्न हुए जड़ चेतनादि जगत् को बनाने हारा और व्यापक नहीं है। आप सर्वोपरि हैं। जिस-जिस पदार्थ की कामना वाले हम आपका आश्रय लें, वह सब हमारी कामनाएँ पूर्ण हों। हम ऐश्वर्य के स्वामी बनें।

Aum. God is the Giver of life, the Dispeller of miseries, and fount-source of happiness. O God, Lord of all creatures, none other than thou excels all these and other created things. Thou art above all, Thou art supreme. May you fulfil all our cherished desires and may we become masters of bounteous wealth and other material things of the world. This oblation is for Prajapati, the Lord of the universe. This oblation is for you and not for me.

अष्टाज्याहुति मंत्र

निम्नलिखित मन्त्रों से सर्वत्र मंगल कार्यों में आठ आज्याहुतियाँ दें –

ओ३म् त्वन्नो अग्ने वरुणस्य विद्वान देवस्य हेळोऽवयासिसीष्ठाः। यजिष्ठो वह्नितमः शोशुचानो विश्वा द्वेषांसि प्र मुमुग्ध्यस्मत् स्वाहा।। इदमग्नीवरुणाभ्याम्-इदन्न मम।1।

सरल पाठ

ओ३म् त्वं नो अग्ने वरुणस्य विद्वान्, देवस्य हेडो अवयासि सीष्ठाः। यजिष्ठो वह्वितमः शो शुचानो, विश्वा द्वेषांसि प्रभु मुग्ध्यस् मत् स्वाहा।। इदम अग्नी वरुणाभ्याम्-इदं न मम।।

सरल भावार्थ

ओ३म्। हे प्रकाशस्वरूप अग्निदेव! आप हमको विद्वानों के अनादर से दूर रहने की प्रेरणा दीजिए। विद्वानों और आदरणीयों में आप सर्वोत्तम हैं। हमारे हृदयों में समस्त वैर-द्वेष घृणा आदि दूर कीजिए। यह आहुति अग्नि और वरुणदेव के लिए हैं, मेरी नहीं हैं।

Aum. O Agni Dev, you know everything, kindly grant us knowledge that we may not dishonour any respectful and enlightened scholar. Thou art most honourable. Please drive away all ill-feelings from our minds. This oblation is for Agni and Varuna both and not for myself.

ओ३म् स त्वं नो अग्नेऽवमो भवोती नेदिष्ठो अस्या उषसो व्युष्टौ।
अव यक्ष्व नो वरुणं रराणो वीहि मृळीकं सुहवो न एधि स्वाहा।।
इदमग्निवरुणाभ्याम् इदं न मम।।2।। (ऋ0 4/1/4-5)

सरल पाठ

ओ३म् स त्वं नो अग्ने अवमो भवोति, ने दिष्ठो अस्या उषसो व्युष्टौ। अव यक्ष्व नो वरुणं रराणो, वीहि मृडीकं सुहवो न एधि स्वाहा इदम अग्नी वरुणाभ्याम्-इदं न मम।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे सर्वरक्षक, सब सुखों के दाता! आप हमारे रक्षक बनिये। उषा काल में आप हमारे बहुत ही पास हैं। हमें ऐसी बुद्धि प्रदान कीजिए कि हम सर्वदा विद्वानों का संग करें। यह आहुति अग्नि एवं वरुणदेव के लिए है। मेरा कुछ भी नहीं, सब कुछ प्रभु का ही तो है।

Aum.O shining God! protect us with all means of protection. You are very near to us in this ceremony. Accept this offrering. Grant us intelligence so that we may remain in the company of the enlightened. This oblation is for Agni and Varun and not for myself.

ओ३म् इमं मे वरुण श्रुधी हवमद्या च मृळय। त्वामवस्युरा चके स्वाहा। इदं वरुणाय-इदन्न मम।।3।।

सरल पाठ

ओ३म् इमं मे वरुण श्रुधी, हवम अद्या च मृडय। त्वाम वस्युरा चके स्वाहा।। इदं वरुणाय-इदं न मम।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे वरुणदेव! आप मेरी पुकार को सुनो और मुझे

सुखी करो। मैं आपसे रक्षा चाहता हुआ आपको सच्चे दिल से पुकार रहा हूँ। यह आहुति वरुण के लिए है, मेरी नहीं।

Aum.Oh Lord Varun, listen to my prayer and make me happy to-day. I call upon you for my protection and invoke you from my heart. This oblation is for Varun and not of myself.

ओ३म् तत्त्वा यामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदा शास्ते यजमानो हविर्भिः। अहेळमानो वरुणेह बोध्युरुशंसः मा न आयुः प्र मोषीः स्वाहा।। इदं वरुणाय इदं न मम।।4।।

– ऋ0 1/24/11

सरल पाठ

ओ३म् तत्त्वा यामि ब्रह्मणा वन्दमा नस्तदा शास्ते यजमानो हविर्भिः। अहेड मानो वरुणेह बोध्यु रुशंस मा न आयुः प्रमोषी स्वाहा।। इदं वरुणाय-इदं न मम।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे वरणीय प्रभो! वेद मन्त्र का पाठ करने वाला मैं यही चाहता हूँ कि आपको प्राप्त करूँ। यह यजमान भी आप ही को पाना चाहता है। आप हमारी प्रार्थना को स्वीकार करें और हमारी आयु को नष्ट न करें। यह हवि वरुण के लिए है, मेरे लिए नहीं।

Aum. Oh Reverable God! I adore you with these Ved Mantras to attain you. The host of yajya seeks the same. We pray kindly not to decline our prayer and bless our lives. This belongs to You. Varun.

ओ३म् ये ते शतं वरुण ये सहस्रं यज्ञिया पाशा विततता महान्तः। तेभिर्नोऽद्य सवितोत विष्णुर्विश्वे मुञ्चन्तु मरुतः

स्वर्काः स्वाहा।। इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुदभ्यः स्वर्केभ्यःइदन्न मम।।5।।

– कात्या0 श्रौ0 25/1/11

सरल पाठ

ओ३म् ये ते शतं वरुण ये सहस्त्रं, यज्ञियाः पाशा विततता महान्ताः। ते भिरनो अद्य सवितोत विष्णुर् विश्वे मुञ्चन्तु मरुतः स्वर्काः स्वाहा। इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वे भ्यो देवे भ्यो मरुदभ्यः स्वर्केभ्यः भ्यः-इदं न मम।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे वरुण देव! आप संसार के रचयिता एवं सर्वव्यापक हो। आप हमें तथा समस्त प्रशंसित विद्वानों को इस संसार के पापों एवं हजारों-लाखों बन्धवों से मुक्त करावें। आप सर्वोपरि हैं। यह सब कुछ जो मेरे पास है वरुण, विष्णु और मरुद्गण के लिए है, मेरा तो अपना कुछ भी नहीं।

Aum. Oh Creator of the universe and Omnipersent God! May you and the enlightened scholars be kind and gracious enough to free us from hundreds and thousands of worldly hindrances and sins pertaining to Yajyas. Whatever I offer is for Varun, Vishnu and Maruts. This is not mine, everything belongs to you all.

ओ ३म् अयाश्चाग्ने अस्यनभिशस्तिपाश्च सत्यमित्त्वमयासि। अया नो यज्ञं वहास्यया नो धेहि भेषज स्वाहा! इदमग्नये अयसे इदं न मम।।6।। – कात्या0 श्रौ0 25/1/11

सरल पाठ

ओ३म् अया श्चा अग्ने अस्य नभि शस्ति पाश्च सत्य मित्त्व मया असि। अया नो यज्ञं वहास्य या नो धेहि भेषजँ स्वाहा।। इदं अग्नये अयसे-इदं न मम।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे ज्ञानमय सर्वव्यापक प्रभो! हम आपसे रक्षा की कामना करते हैं और इस यज्ञ की पूर्ण सफलता की आपसे प्रार्थना करते हैं। आप सर्वदा निर्दोषी जनों की रक्षा करते हैं। आप हमें ऐसी बुद्धि एवं शक्ति प्रदान करें ताकि हम पापों, रोगों और बुराइयों में न फँसे। यह हवि अग्निदेव के लिए है। इसमें मेरा कुछ नहीं है।

Aum. You are Omnipersent and Omniscient. We seek your protection and pray to make this Yajya a great success. You always protect innocent and guiltless beings. Kindly provide us with remedial force against sins, sufferings and diseases. This oblation is for you, Agni. his does not belongs to me, everything belongs to you.

ओ३म् उदुत्तमं वरुण पाशमस्मदवाधमं वि मध्यमं श्रथाय। अथा वयमादित्य व्रते तवानागसो अदित्ये स्याम स्वाहा।। इदं वरुणायाऽऽदित्यायऽदित्ये च इदं न मम।।7।।

– ऋ0 1/24/15

सरल पाठ

ओ३म् उदुत्तमं वरुण पाश मस्मदवा धमं विमध्यमं श्रथाय। अथा वयम आदित्य व्रते तवा नाग सो अदित्ये स्याम स्वाहा।। इदं वरुणाय आदित्याय आदित्ये च-इदं न मम।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे वरणीय वरुणदेव! आप कृपया मेरे सभी बन्धनों को शिथिल कर दें! हम आपके अनुशासन और नियमों में रहते हुये हमेशा निष्पाप और सर्वथा बन्धनमुक्त हो सकें। यह हवि वरुण आदित्य और अदिति के लिए है, मेरे लिए कुछ नहीं।

Aum. O Reverable God Varun! Loosen all our bonds and worldly attachments. May we always remain disciplined so that we may be able to attain liberation. This oblation is for Varun, Aditya and Aditi and not for myself. Eeverything belongs to you all.

ओ३म् भवतन्नः समनसौ सचेतसावरेपसौ। मा यज्ञꣳहिꣳसिष्ट मा यज्ञपतिं जातवेदसौ शिवौ भवतमद्य नः स्वाहा।। इदं जातवेदोभ्याम् इदं न मम।।8।। (यजु0 5/3)

सरल पाठ

ओ३म् भवतः नः समन सौ सचेत सा वरे पसौ। मा यज्ञं हिं सिष्टं मा यज्ञ पतिं जात वेदसौ शिवौ भवतम अद्यः नः स्वाहा। इदं जात वेदो भ्याम्-इदं न मम।।

सरल भावार्थ

ओ३म्! हे ज्ञानमय प्रभो! हमारी प्रार्थना है कि सब विद्वान्गणों में मनसा, वाचा और कर्मणा एक हों। आप हमारे यज्ञों में और हमारी उन्नति में सहायता कीजिए! यह हवि अग्निदेव एवं विद्वानों के लिए है। सब कुछ प्रभु का है, मेरा अपना तो कुछ नहीं।

Aum. Oh Agni Dev! You are the master of all knowledge. We pray that all the enlightened scholars be united in their thoughts and deeds. May you be helpful and benevolent in our Yagya. This oblation is for Agni and for the enlightened scholars and not for myself.

अथ स्वस्तिवाचनम्

(Bliss and Prosperity)

स्वस्ति वाचनम् और शान्ति करणम् के मन्त्रों के द्वारा समाज कल्याण व सभी जीवों की सुख–शान्ति की प्रार्थना की जाती है। ये मन्त्र विशेष यज्ञों में ही प्रायः पढ़े जाते हैं।

ओ३म् अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम्।
होतारं रत्नधातमम्।।1।। ऋग्0 1/1/1

सरल पाठ

अग्निम् इडे पुरोहितं, यज्ञस्य देवम ऋत्विजम्। होतारं रत्न धात मम।।

भावार्थ– मैं यज्ञ के आरम्भ में इस महान् सृष्टि–यज्ञ के नेता, विधाता और उसके धारण करने वाले प्रकाश–स्वरूप प्रभु की स्तुति करता हूँ।।

ओ३म् स नः पितेव सूनवेऽग्ने सूपायनो भव।
सचस्वा नः स्वस्तये।।2।। ऋग्0 1/1/ए

सरल पाठ

स नः पितेव सूनवे अग्ने सू पायनो भव।
सच स्वा नः स्वस्तये।।2।।

भावार्थ– आप हमारे लिए उसी प्रकार सूपायन अर्थात् सुगमता से जिसके पास जाया जा सके, ऐसे हूजिये, जैसे पिता के पास पुत्र अपनी प्रार्थना लेकर झट से बिना झिझक के चला जाता है। हम आपके द्वारा दिये गये पदार्थों से कल्याण को प्राप्त हों, उनका अपनी भलाई के लिए उपयोग करें।

ओ३म् स्वस्ति नो मिमीतामश्विना भगः स्वस्ति देव्यदितिरनर्वणः।
स्वस्ति पूषा असुरो दधातु नः स्वस्ति द्यावापृथिवी सुचेतुना।।3।।

सरल पाठ

स्वस्ति नो मिमीता मश्विना भगः, स्वस्ति देव्य दितिर नर्वणः।
स्वस्ति पूषा असुरो दधातु नः, स्वस्ति द्यावा पृथिवी सुचेतुना।।

भावार्थ- हे प्रभो! सूर्य चन्द्र, धन सम्पत्ति, देवी पृथिवी, अचल पर्वत आदि पुष्टि कर्त्ता जीवन दाता देव और प्रकाश प्रकाशक लोक, ये सभी हमारे लिए कल्याणकारी होवें।

ओ३म् स्वस्तये वायुमुप ब्रवामहै सोमं स्वस्ति भुवनस्य यस्पतिः।
बृहस्पतिं सर्वगणं स्वस्तये स्वस्तय आदित्यासो भवन्तु नः।।4।।

- ऋग्0 5/51/12

सरल पाठ

स्वस्तये वायुम् उप ब्रवा महै, सोमं स्वस्ति भुवनस्य यस्पतिः।
बृहस्पतिं सर्वगणं स्वस्तये, स्वस्तय आदित्यासो भवन्तु नः।।

भावार्थ- हे प्रभो! हम कल्याण के लिये वायु, सोम और भुवन के पति सूर्य को बुलाते हैं, अर्थात् इनके गुण ज्ञान द्वारा इनका सद् उपयोग लेते है। वेद ज्ञान के रक्षक आचार्य को भी शिष्य प्रशिष्यों सहित कल्याण के लिये आह्वान करते है। श्रेष्ठ ज्ञानी पुरुष हमारे लिये कल्याणकारी होवें।

ओ३म् विश्वे देवा नो अद्या स्वस्तये वैश्वानरो वसुरग्निः स्वस्तये।
देवा अवन्त्वृभवाः स्वस्तये स्वस्ति नो रुद्रः पात्वंहसः।।5।।

ऋग्0 5/51/13

सरल पाठ

विश्वे देवा नो अद्या स्वस्तये, वैश्वा नरो वसुः अग्निः स्वस्तये। देवा अवन्त्वृभवः स्वस्तये, स्वस्ति नो रुद्रः पात्वंहसः।।

भावार्थ- हे प्रभो! सब ज्ञानी जन हमें कल्याण का उपदेश करें। वैश्वानर, वसु, आहार का पाचन अग्नि हमारे लिये कल्याणकारी होवे। स्वरूप से प्रकाश धर्म वाले अग्नि विद्युत सूर्य रूपी दिव्य शक्तियाँ कल्याण के लिए हमारी रक्षा करें और शासक भी कल्याण के लिए पाप कर्म से हमारी रक्षा करें।

ओ३म् स्वस्ति मित्रावरुणास्वस्ति पथ्ये रेवति।
स्वस्ति न इन्द्रश्चाग्निश्च स्वस्ति नो अदिते कृधि।।6।।

ऋग्0 5/51/14

सरल पाठ

स्वस्ति मित्रा वरुणा स्वस्ति पथ्ये रे वति। स्वस्ति न इन्द्रश् च अग्नि श्च, स्वस्ति नो अदिते कृधि।।

भावार्थ :- हे प्रभो! प्राण, अपान, मार्गों पर निष्कण्टक रूप से विचरने वाली गौवें, सूर्य, विद्युत और पृथिवी हमारे लिये कल्याणकारी होवे।

ओ३म् स्वस्ति पंथामनुचरेम सूर्या चन्द्रमसाविव।
पुनर्ददताघ्नता जानता सं गमेमहि।।7।। ऋग्0 5/51/15

सरल पाठ

स्वस्ति पंथाम अनुचरेम सूर्या चन्द्रम सा विव। पुनर ददता ध्नता, जानता संग मे मीह।।

भावार्थ- हे प्रभो! हम सूर्य व चन्द्र के समान कल्याणकारी मार्ग का अनुसरण करें। हम सदा दानी, जो किसी को पीड़ा न दें तथा ज्ञानी पुरुषों की संगति में रहें।

ओ३म् ये देवानां यज्ञिया यज्ञियानां मनोर्यजत्रा अमृता ऋतज्ञाः।
ते नो रासन्तामुरुगायमद्य यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः।।8।।

- ऋग्0 7/35/15

सरल पाठ

ये देवानां यज्ञिया यज्ञियानां, मनोर् यजत्रा अमृता ऋतज्ञाः।
ते नो रासन्ता मुरु गाय मद्य, यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः।।

भावार्थ–संगति करने योग्य मानवों के मध्य भी संगति के योग्य जो उत्कृष्ट पुरुष मनुष्य मात्र के आदरणीय, अमर, यशस्वी और सत्य के जानने वाले विद्वान् हैं वे हमें महानता प्रदान करें और अपने कल्याणकारी उपदेशों के द्वारा हमारे मार्ग भ्रष्ट होने पर मार्ग दर्शन द्वारा हमारी रक्षा करें।

ओ३म् येभ्यो माता मधुमत्पिन्वते पयः पीयूषं द्यौरदितिरद्रिबर्हाः।
उक्थशुष्मान् वृषभरान्त्स्वप्नसस्ताँ आदित्याँ अनु मदा स्वस्तये।।9।।

–ऋग् 10/63/3

सरल पाठ

ये भ्यो माता मधु मत् पिन्वते ययः पीयूषं द्यौर दितिर द्रि बर्हाः।
उक्थ शुष्मान् वृषभरान्त् स्वप्न सस्तां आदित्यां अनु मदा स्वस्तये।।

भावार्थ– हे प्रभो! प्रशंसनीय बलों वाले, सुखों की वर्षा करने वाले, शुभ कर्म करने वाले जिन मानव श्रेष्ठों के लिए यह पृथिवी, द्युलोक और मेघों से भरपूर अन्तरिक्ष मधुर रस प्रदान करते हैं, उन अदिति अर्थात् वेदमाता जगज्जननी के श्रेष्ठ पुत्रों को कल्याण के लिए हर्षित करो।

ओ३म् नृचक्षसो अनिमिषन्तो अर्हणा बृहद्देवासो अमृतत्वमानशुः।
ज्योतिरथा अहिमाया अनागसो दिवो वर्ष्माणं वसते स्वस्तये।।10।।

– ऋग्. 10/63/4

सरल पाठ

नृ चक्ष सो अनि मि षन्तो अर्हणा बृहद् दे वासो अमृत त्व मानशुः।
ज्योति रथा अहिमाया अनाग सो दिवो वर्ष्माणं वसते स्वस्तये।।

भावार्थ–जो मानव की भलाई पर लगातार दृष्टि रखते हैं, ऐसे सदा सावधान प्रकाशमय पथ पर विचरने वाले, अहिंसा व्रत वाले, पाप रहित विद्वान् पुरुष जीवन में सर्वोच्च पद प्राप्त करते हैं और मर कर भी अमर हो जाते हैं। ऐसे पुरुष जगत् के कल्याण के लिए ही उत्पन्न होते हैं।

ओ३म् सम्राजो ये सुवृधो यज्ञमाययुरपहिह्वृता दधि रे दिवि क्षयम्।
ताँ आ विवास नमसा सुवृक्तिभिर्महो आदित्याँ अदितिं स्वस्तये।।11।।

ऋग् 10/63/5

सरल पाठ

ओ३म् सम्राजो ये सृवृधो यज्ञमाय युर परिह् वृता दधि रे दिवि क्षयम्।
ताँ आ विवास मनसा सु वृक्तिर् भिर्महो, आदित्याँ अदितिं स्वस्तये।।11।।

ऋग्0 10/63/5

भावार्थ–हे मानवो! जो शुभ गुणों के प्रकाशमान यशस्वी, दूसरों की उन्नति चाहने वाले, शुभ कर्मों में प्रवृत होते है, भले ही वे इस यज्ञ में पधारे हों या वीर गति प्राप्त कर चुके हों, ऐसे जगत् जननी के श्रेष्ठ पुत्रों को धरती माता का यश निरन्तर बनाये रखने के लिए नमस्कार करो और उनकी यश गाथाओं को गाओ।

ओ३म् को वः स्तोमं राधति यं जुजोषथ विश्वे देवासो मनुषो यतिष्ठन।
को वोऽध्वरं तुविजाता अरं करद्यो नः षर्षदत्यंहः स्वस्तये।।12।।

ऋग्0 10/63/6

सरल पाठ

को वः स्तोमं राधति यं जु जोषथ, विश्वे देवासो मनुषो यतिष्ठन।
को वो अध्वरं तुवि जाता अरं करद्यो नः पर्ष दत्यंहः स्वस्तये।।

भावार्थ–हे विद्वानो! आप लोग जिसकी स्तुतियाँ करते है उन्हें कौन सुनता है, किसके सुनने से प्रार्थनायें सफलीभूत होती हैं? तुमने अनेक जन्म लिये, हर जन्म में नया–नया ज्ञान प्राप्त किया, अनेक यज्ञ रूप कर्मों को तुम इस जन्म में करते हो, जन्म जन्मान्तर से भी करते आ रहे हो। यह सब किसके लिए करते हो? मन्त्र में ही इस प्रश्न का उत्तर निहित करते हुए कहा है– तुम्हारे पापों को वही सुख स्वरूप प्रभु दूर कर तुम्हारी प्रार्थनाओं को सफल बनाता है।

ओ३म् येभ्यो होत्रा प्रथमामायेजे मनुः समिद्धाग्निर्मनसा सप्तहोतृभिः।
त आदित्या अभयं शर्म यच्छत सुगा नः कर्त सुपथा स्वस्तये।।13।।

ऋग्0 10/63/7

सरल पाठ

येभ्यो होत्रा प्रथमा मा येजे मनुः, समिद्धा अग्नि र् मनसा सप्त होतृभिः।
त आदित्या अभयं शर्म यच्छत, सुगा नः कर्तः सुपथा स्वस्तये।।

भावार्थ–हे प्रभो! जिन मनीस्वियों ने दो आँख, दो कान, दो नासिका तथा एक मुख–इन सात इन्द्रियों को तथा मन को होता बना कर संसार के पदार्थों को अग्नि से शुद्ध करने के लिए जो यज्ञ रचा, उससे तथा आदित्य की रश्मियों से शुद्ध हुए पदार्थों का सेवन कर हम सुखी हों और हमारे जीवन का मार्ग कल्याणमय हो। इस मंत्र का यह भी अभिप्राय है कि यज्ञाग्नि से भोग्य पदार्थों की शुद्धि होती हैं, उनके कीटाणुओं का नाश होकर वे सेवन योग्य हो जाते हैं।

ओ३म् य ईशिरे भुवनस्य प्रचेतसो विश्वस्य स्थातुर्जगतश्च मन्तवः।
ते नः कृतादकृतादेनसस्पर्यद्या देवासः पिपृता स्वस्तये।।14।।

ऋग्0 10/63/8

सरल पाठ

य ईशिरे भुवनस्य प्रचेतसो विश्वस्य स्थातुर् जगतश्च मन्तव।
ते नः कृताद कृतादेन सस् पर्यद्या देवासः पि पृताा स्वस्तये।।

भावार्थ–हे प्रभो! जो मननशील ज्ञानी पुरुष इस स्थावर तथा जंगम जगत के स्वामी हैं वा उस पर शासन करते हैं, ऐसे उत्कृष्ट मेधावी लोग हमारे किए हुए या न किए हुए पाप कर्मों से हमें बचायें।

